जनसुनवाई में ग्रामीणों का हल्ला बोल, फर्जी फोटो और फर्जी हाजिरी लगाकर गबन का लगाया आरोप

ग्रामसभा के नाम पर कागजी खेल

सरपंच-सचिव पर फर्जीवाड़े का हुआ खुलासा

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा

ग्राम पंचायत परसोडी में पिछले 5 सालों से लोकतंत्र के सबसे अहम स्तंभ ग्रामसभा को दरकिनार कर विकास के नाम पर कागजी खानापूर्ति और भ्रष्टाचार का खुला खेल चल रहा है। आज आक्रोशित ग्रामीणों ने आज कलेक्टर जनसुनवाई में पहुंचकर जोरदार प्रदर्शन किया। ग्रामीणों ने सीधे तौर पर सरपंच राहुल इवनाती और सचिव हंसराज बोबडे पर शासन-प्रशासन को गुमराह कर अपना उल्लू सीधा करने और फर्जीवाड़े के जरिए सरकारी राशि को ठिकाने लगाने के गंभीर आरोप जड़े हैं।

फर्जी फोटो लगाकर शासन को लगाया चूना

कलेक्टर कार्यालय पहुंचे ग्रामीणों का गुस्सा उस वक्त फूट पड़ा, जब उन्हें पता चला कि सरकारी रिकॉर्ड में बाकायदा ग्रामसभाएं दर्ज हैं और उसमें ग्रामीणों की बैठकों की तस्वीरें भी लगाई गई हैं। ग्रामीणों ने तीखा हमला बोलते हुए खुलासा किया कि रिकॉर्ड में मौजूद तस्वीरें फर्जी हैं और गांव में पिछले 5 वर्षों से कोई ग्रामसभा आयोजित ही नहीं हुई है।

15 अगस्त को भी मौके से रफूचक्कर हुए जिम्मेदार

ग्रामीणों का आरोप है कि बीते 15 अगस्त (स्वतंत्रता दिवस) को पंचायत में आमसभा का आयोजन होना था, जहां ग्रामीण अपने हक और गांव की समस्याओं पर सवाल उठाने वाले थे। लेकिन जनता के सवालों से डरकर सरपंच और सचिव मौके से रफूचक्कर हो गए। ग्रामीणों का कहना है कि जब भी इनसे पंचायत के हिसाब-किताब या विकास कार्यों पर सवाल पूछा जाता है, तो ये सीधे मुंह जवाब देने के बजाय "तुमको कोई काम-धंधा है या नहीं ?" कहकर पल्ला झाड़ लेते हैं।

फर्जी हाजिरी और फर्जी बिलों का मास्टर प्लान

ग्रामीणों ने के अनुसार गांव में धरातल पर शून्य विकास हुआ है, जबकि पंचायत से लगातार फर्जी बिल पास हो रहे हैं। निर्माण कार्यों में फर्जी मस्टर रोल (हाजिरी) बनाकर राशि आहरित की जा रही है और अपने परिचितों के बैंक खातों में पैसा ट्रांसफर कर उसे ठिकाने लगाया जा रहा है।

2 दिन में ग्रामसभा बुलाने की मांग सख्त कार्रवाई की चेतावनी

अब जब ग्रामीणों का सब्र का बांध टूट चुका है, तो जिम्मेदार अधिकारी और जनप्रतिनिधि सामने आने से कतरा रहे हैं। ग्रामीणों ने अधिकारियों के समक्ष स्पष्ट मांग रखी है कि 2 दिनों के भीतर निष्पक्ष रूप से ग्रामसभा का आयोजन किया जाए और दोषी सरपंच-सचिव के खिलाफ सख्त से सख्त कानूनी कार्रवाई कर जांच बिठाई जाए। अधिकारियों ने मामले की गंभीरता को देखते हुए जांच का आश्वासन दिया है।

आस्था पेड़ों पर राखी बांधने के निर्देशों पर भी अमल नहीं होने का आरोप

जंगलों पर अवैध कटाई की मार, कुआं बादला में सागौन-सरई कटाई से उठे सवाल

हरिभूमि न्यूज ▶▶ तामिया

तामिया वन परिक्षेत्र में जंगलों की सुरक्षा व्यवस्था को लेकर सवाल उठने लगे हैं। स्थानीय स्तर पर आरोप है कि वन विभाग की निगरानी कमजोर होने के कारण वन क्षेत्र में अवैध कटाई की घटनाओं में लगातार इजाफा हो रहा है। विशेष रूप से कुआं बादला सर्कल में सागौन के पेड़ों की कटाई का सिलसिला थमने का नाम नहीं ले रहा है।

ग्रामीणों का दावा है कि जंगल में दिन के समय भी पेड़ों की कटाई की जा रही है। जानकारी के अनुसार, वरिष्ठ अधिकारियों द्वारा आस्था वृक्षों के संरक्षण को लेकर जंगलों में बरगद, पीपल, पाखड़, ऊमर और सरई जैसे प्राकृतिक रूप से विकसित होने वाले पेड़ों पर राखी बांधने के निर्देश दिए गए थे। इसका उद्देश्य इन प्रजातियों के संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता बढ़ाना था। आरोप है कि तामिया रेंज में इन निर्देशों पर अपेक्षित रूप से अमल नहीं हुआ, जिससे वन विभाग की कार्यप्रणाली पर सवाल खड़े हो रहे हैं।

बीमार पेड़ों को भी नहीं मिल रहा संरक्षण

तामिया रेंज मुख्यालय की बीट में भी पेड़ों की सुरक्षा को लेकर चिंता बढ़ी है। सिंचाई विभाग के जलाशय के वेस्ट वियर के आसपास पिछले वर्ष साल बोरर कीट से प्रभावित पेड़ों को काटने के लिए चिन्हित किए जाने की बात सामने आई थी। स्थानीय लोगों के अनुसार, करीब 200 से अधिक बीमार पेड़ अब भी उसी स्थिति में खड़े हैं। लंबे समय तक इन पेड़ों का प्रबंधन नहीं होने से एक ओर कीट के फैलने की आशंका है, वहीं दूसरी ओर इनके अवैध कटान का खतरा भी बना हुआ है।

गश्त बढ़ाने की जरूरत

स्थानीय लोगों का कहना है कि यदि जंगलों में नियमित गश्त और निगरानी मजबूत नहीं की गई तो अवैध कटाई से तामिया के प्राकृतिक जंगलों को गंभीर नुकसान हो सकता है। लोगों ने वन विभाग के वरिष्ठ अधिकारियों से कुआं बादला सर्कल में सागौन कटाई की जांच कराने, तामिया बीट में सरई सहित अन्य प्रजातियों की सुरक्षा सुनिश्चित करने तथा नाकेदारों को नियमित जंगल गश्ती के निर्देश देने की मांग की है। अब देखना होगा कि विभाग इन शिकायतों और आरोपों की जांच कर वन संपदा की सुरक्षा के लिए क्या कदम उठाता है।

25 पेटी अवैध शराब के साथ महिला गिरफ्तार

4.45 लाख रूपए की अवैध शराब और कार जब्त, जुन्नारदेव पुलिस की कॉम्बिंग गश्त में कार्रवाई

हरिभूमि न्यूज ▶▶ जुन्नारदेव

थाना जुन्नारदेव पुलिस ने अवैध शराब के खिलाफ कार्रवाई करते हुए 25 पेटी देशी-विदेशी शराब के साथ एक महिला को गिरफ्तार किया है। पुलिस के अनुसार जब्त शराब की कुल मात्रा करीब 215.82 बल्क लीटर है, जिसकी कीमत लगभग 4 लाख 45 हजार 950 रुपए बताई गई है। शराब परिवहन में प्रयुक्त ग्रे कलर की स्विफ्ट डिजायर कार क्रमांक HR-26-CR-4210 भी पुलिस ने जब्त की है, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 7 लाख रुपए है।पुलिस के मुताबिक 31 अगस्त की रात मुखबिर से सूचना मिली थी कि पालाचौरई-अंथाड़ा की ओर से विजय उर्फ गुड्डा बसूले अपनी कार से भारी मात्रा में अवैध देशी-विदेशी शराब लेकर माझरी की ओर आ रहा है।

सूचना पर पुलिस टीम ने आरोपी के घर के सामने पहुंचकर वाहन को घेरने का प्रयास किया। पुलिस को देखकर वाहन चालक विजय उर्फ गुड्डा मौके से भाग गया, जबकि कार में सवार पूर्णिमा पिता जानू कुशवाहा, उम्र 20 वर्ष, निवासी माझरी को पकड़ लिया गया।वाहन की तलाशी लेने पर कार के अंदर कुल 25 पेटियां मिलीं, जिनमें देशी प्लेन, लाल देशी मदिरा के साथ ऑफिसर च्वाइस, मैजिक मूमेंट और गोवा कंपनी की शराब शामिल थी। महिला से शराब परिवहन के संबंध में वैध दस्तावेज और लाइसेंस मांगे गए, लेकिन वह प्रस्तुत नहीं कर सकी।पुलिस ने आरोपी महिला को गिरफ्तार कर न्यायालय में पेश किया, जहां से उसे जिला जेल छिंदवाड़ा भेज दिया गया। मामले में धारा 34(2) मध्यप्रदेश आबकारी अधिनियम के तहत प्रकरण दर्ज कर फरार आरोपी विजय उर्फ गुड्डा की तलाश की जा रही है। पुलिस शराब के स्रोत और अन्य संभावित संलिप्त लोगों की भूमिका की भी जांच कर रही है।

नर्सिंग छात्रों की परीक्षाएं जल्द कराने कलेक्ट्रेट में सौंपा ज्ञापन

छिंदवाड़ा। नर्सिंग कॉलेजों के विद्यार्थियों की लंबित परीक्षाएं शीघ्र कराने की मांग को लेकर छात्र नेता अर्पित तिवारी के नेतृत्व में कलेक्टर के माध्यम से राज्यपाल, मुख्यमंत्री एवं उच्च न्यायालय जबलपुर, इंदौर और ग्वालियर के नाम ज्ञापन सौंपा गया।ज्ञापन में मध्यप्रदेश के सभी सूटेबल-अनसूटेबल नर्सिंग कॉलेजों, ग्वालियर क्षेत्र के 56 स्टे वाले कॉलेजों तथा जीएनएम के शेष विद्यार्थियों की परीक्षाएं बिना विलंब आयोजित कराने की मांग की गई। साथ ही नर्सिंग प्रकरण की जल्द सुनवाई के लिए विशेष बेंच गठित करने और विद्यार्थियों के हित में उचित निर्णय लेने की मांग रखी गई।छात्र नेताओं ने बैच 2020-21 के विद्यार्थियों को दिसंबर 2026 तक डिग्री एवं रजिस्ट्रेशन नंबर उपलब्ध कराने, 2021-22 और 2022-23 बैच की सभी लंबित परीक्षाएं जल्द कराने तथा एमपीएमएसयू एवं एमपीएनआरसी द्वारा शीघ्र परीक्षा कैलेंडर जारी करने की मांग की।

जंगली हाथी की दस्तक से मची हलचल ट्रैकिंग में जुटा वन अमला...

तुमड़ी, झूर्रे, परासिया से जंगल का मामला

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

बीते कुछ दिनों से जिले के जंगलों में एक जंगली हाथी के विचरण करने की खबर ने लोगों में उत्सुकता और कौतूहल बढ़ा दिया है। हाथी की मौजूदगी की सूचना मिलने के बाद वन विभाग का अमला सक्रिय हो गया है और अलग-अलग टीमें हाथी की लोकेशन और उसके मूवमेंट का पता लगाने में जुटी हुई हैं। वहीं हाथी को कैमरे में कैद करने के लिए कई मीडिया कर्मी भी जंगलों का रुख कर रहे हैं।

फिलहाल परासिया विधानसभा क्षेत्र के तूमड़ी, झूर्रे और थावड़ी डोमा से लगे जंगलों में हाथी के पगमार्क और मल मिलने की सूचना सामने आई है। इन संकेतों के आधार पर वन विभाग की टीमें हाथी की गतिविधियों पर नजर बनाए हुए हैं। जंगल में जंगली हाथी की मौजूदगी की जानकारी जैसे-जैसे लोगों तक पहुंच रही है, वैसे-वैसे ग्रामीणों और आसपास के रहवासियों में इसे लेकर चर्चा और उत्सुकता बढ़ती जा रही है।

हालांकि ऐसा नहीं है कि जिले के लोगों ने हाथी को पहले कभी नहीं देखा हो। अक्सर साधु-बाबाओं के साथ छोटे-बड़े हाथी सड़कों से गुजरते अथवा गली-मोहल्लों में घूमते हुए दिखाई दे जाते हैं। लेकिन ये हाथी पालतू और प्रशिक्षित होते हैं तथा उनके व्यवहार और गतिविधियों पर उनके संचालकों का नियंत्रण रहता है। इसके अलावा चिड़ियाघरों और सर्कस में भी लोगों ने हाथियों को करीब से देखा है।

जंगल में विचरण कर रहे इस हाथी को लेकर लोगों में विशेष कौतूहल इसलिए बना हुआ है, क्योंकि यह किसी के नियंत्रण में नहीं है। वह पूरी तरह स्वच्छंद है और अपनी मर्जी से जंगलों में विचरण कर रहा है। यही वजह है कि लोग उसके पदचिह्नों और मौजूदगी से जुड़ी हर जानकारी को लेकर उत्सुक नजर आ रहे हैं।

रिधोरा में पूर्व मंत्री स्व. रेवनाथ चौरे की जयंती मनाई

सौंसर। ग्राम रिधोरा में मध्य प्रदेश शासन के पूर्व मंत्री स्व. रेवनाथ चौरे की जयंती पर मंगलवार को एक विशेष स्मरणोत्सव का आयोजन किया गया। पांढुर्णा और छिंदवाड़ा क्षेत्र के सेवारत तथा सेवानिवृत्त शासकीय-अशासकीय अधिकारियों और कर्मचारियों की पहल पर आयोजित इस कार्यक्रम में बड़ी संख्या में लोगों ने पहुंचकर पूर्व मंत्री स्व. चौरे को याद किया और उनके चित्र पर पुष्प अर्पित कर नमन किया।समारोह की शुरुआत ह.भ.प. चिंतामन महाराज गुर्वे के भजनों और कीर्तन के साथ हुई। इसके बाद वक्ताओं ने स्व. चौरे के आचार-विचार, उनके संघर्षपूर्ण राजनीतिक सफर और जनसेवा के समर्पण भाव को याद करते हुए वर्तमान पीढ़ी के लिए उसे प्रेरणादायक बताया। कार्यक्रम को संबोधित करते हुए स्थानीय विधायक विजय चौरे,पूर्व विधायक अजय चौरे,ने कहा कि उनके पिता स्व. रेवनाथ चौरे ने अपने कार्यकाल के दौरान शिक्षा, स्वास्थ्य और कृषि क्षेत्र को मजबूत करने के लिए जो आधारशिला रखी थी।

30 साल से उधार के कमरे में भविष्य गढ़ने को मजबूर नौनिहाल

अंबाडा बाजार में बरामदे में चल रहीं हायर सेकंडरी की कक्षाएं

हरिभूमि न्यूज ▶▶ पांढुर्णा



शासन-प्रशासन की घोर उपेक्षा और सिस्टम की लाचारी का इससे बड़ा जीवंत उदाहरण क्या होगा कि विकासखंड के ग्राम अंबाडाबाजार में 30 साल से संचालित हायर सेकंडरी स्कूल आज भी खुद की छत को तरस रहा है। तीन दशकों से यह मिडिल स्कूल भवन में जैसे-तैसे चल रहे इस विद्यालय के पास कहने को तो 4 एकड़ जमीन का विशाल टुकड़ा मौजूद है, लेकिन फंड की कमी का बहाना बनाकर नौनिहालों के भविष्य को जर्जर कमरों और खुले बरामदे में धकेल दिया गया है।

सैकड़ों छात्र, बरामदे में शिक्षा की क्लास

हैरानी की बात यह है कि जिस मिडिल स्कूल के भवन में यह हायर सेकंडरी स्कूल शुरू हुआ था, उसे तो सालों पहले नई जमीन मिली, चमचमाता भवन बना और वह वहां शिफ्ट भी हो गया। लेकिन हायर सेकंडरी स्कूल को उसी पुराने, टूटे-फूटे और जर्जर दरें पर छोड़ दिया गया। आज स्थिति यह है कि इस स्कूल के पास महज तीन कमरे हैं। कमरों की इस भारी किल्लत के कारण हर रोज किसी न किसी सेक्शन के छात्र-छात्राओं को खुले बरामदे में बैठकर पढ़ने को मजबूर होना पड़ता है।

रिसती छतें, उखड़ता फर्श, हादसे को न्योता दे रही इमारत

स्कूल की जर्जर इमारत अब सीधे तौर पर हादसों को न्योता दे रही है। बारिश के दिनों में छत जगह-जगह से रिसती है, दीवारों पर खतरनाक दरारें पड़ चुकी हैं और कमरों का फर्श अपनी जगह छोड़ रहा है। ऐसे खौफनाक माहौल में बच्चे पढ़ाई करने को मजबूर हैं।

ऊंट के मुंह में जीरा साबित हुए प्रशासनिक सुधार

हालांकि, कलेक्टर नीरज कुमार वशिष्ठ की पहल पर हाल ही में शाला में मरम्मत का कुछ काम जरूर कराया गया है, लेकिन बदहाली के इस गहरे समंदर में यह सुधार ऊंट के मुंह में जीरे के समान ही साबित हुआ है। अधिकारी समय-समय पर शासन को रिमाइंडर पत्र भेजकर अपनी कागजी औपचारिकता तो पूरी कर लेते हैं, पर धरातल पर नतीजा शून्य ही रहा है।

शासन व प्रशासन ने खूब लगाई ताकत पर नहीं डिगे एनएसयूआई के पदाधिकारी

शिक्षा में फैली अव्यवस्था के खिलाफ जमकर गरजे छात्र नेता

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कांग्रेस के छात्र संगठन एनएसयूआई ने शिक्षा में फैली अव्यवस्थाओं और विश्वविद्यालयों में जारी तानाशाही के खिलाफ हुंकार भरी। छात्र नेताओं ने एकजुटता के साथ भाजपा सरकार के खिलाफ जमकर नारेबाजी करते हुए पीजी कॉलेज का घेराव किया। कॉलेज की ओर बढ़ते एनएसयूआई के पदाधिकारियों व कार्यकर्ताओं को पुलिस व प्रशासन ने पूरी ताकत के साथ रोकने का प्रयास किया, लेकिन छात्र नेता नहीं डिगे। उन्होंने पूरी ताकत के साथ हल्ला बोल प्रदर्शन कर कॉलेजों में जारी भर्राशाही का खुलकर विरोध किया। छात्रहित में जायज मांगों को लेकर प्रदर्शन कर रहे कांग्रेस के छात्र नेताओं पर भाजपा से पोषित एबीवीपी के लोगों ने हमला भी किया, लेकिन उनका यह अनैतिक प्रयास विफल रहा।

एनएसयूआई जिला अध्यक्ष अपेक्षा सूर्यवंशी के नेतृत्व में एकजुट हुए छात्र नेताओं ने हल्ला बोल प्रदर्शन व पीजी कॉलेज घेराव के दौरान कहा कि कमलनाथ एवं नकुलनाथ के कार्यकाल में महाविद्यालय कभी राजनीति का केन्द्र नहीं बनें। लेकिन भाजपा की सरकार से पोषित एबीवीपी का जिले के कॉलेजों में अवैधानिक रूप से कब्जा है। कई बाहरी लोग सरकारी सुविधाएं लेकर कॉलेजों में राजनीतिक रोटियां सेंक रहे हैं, यह पूरी तरह गलत है। उन्होंने पुलिस और प्रशासन के द्वारा लगाए गए बैरिकेट्स और छात्र नेताओं पर किए गए बल प्रयोग की कड़ी निंदा करते हुए कहा कि एनएसयूआई का उद्देश्य किसी को क्षति पहुंचाना नहीं था, बल्कि शांतिपूर्ण तरीके से कॉलेज प्रबंधन और प्रशासन तक मांगें पहुंचाना था, लेकिन पुलिस और प्रशासन की आड़ लेकर एबीवीपी ने जो हमला किया वह अनैतिक है, जिसकी एनएसयूआई कड़ी निंदा करती है।

एनएसयूआई ने हल्ला बोल प्रदर्शन कर प्रबंधन से मांग की कि छात्र संघ चुनाव प्रत्यक्ष प्रणाली से ही होने चाहिए। महाविद्यालयों में एबीवीपी का अवैध कब्जा जिसे तत्काल हटाया जाए। रिक्त प्रोफेसर व अतिथि शिक्षक के पद तत्काल भरे जाएं। परीक्षा परिणाम समय पर घोषित हो और रिजल्ट की त्रुटियों का शीघ्र समाधान किया जाए। एटीकेटी व बैकलॉग एवं परीक्षा फॉर्म की समस्याओं के लिए सरल एवं त्वरित समाधान किया जाए। छात्रवृत्ति समय पर मिले और पोर्टल की तकनीकी समस्याओं का निराकरण हो। नई पाठ्यपुस्तकें, प्रतियोगी परीक्षा की किताबें और पर्याप्त अध्ययन सीटें उपलब्ध कराई जाएं।

भाई की मौत के बाद भाभी के फर्जी हस्ताक्षर, देवर पर धोखाधड़ी का केस

छिंदवाड़ा। नरसिंहपुर रोड स्थित बसंत कॉलोनी में भाई की मौत के बाद भाभी के बैंक खातों से कथित रूप से फर्जी हस्ताक्षर कर रकम ट्रांसफर करने का मामला सामने आया है। शिकायत के बाद हैंडराइटिंग एक्सपर्ट की रिपोर्ट के आधार पर पुलिस ने आरोपी के खिलाफ धोखाधड़ी सहित विभिन्न धाराओं में प्रकरण दर्ज किया है।पुलिस के अनुसार बसंत कॉलोनी निवासी अमित सूचक के बड़े भाई रैतेश सूचक की 6 अप्रैल 2024 को हार्ट अटैक से मौत हो गई थी। दोनों भाई ज्वाइंट व्यापार करते थे। आरोप है कि भाई की मौत के बाद अमित बैंक खातों से जुड़े कामकाज देख रहा था और इसी दौरान उसने अपनी भाभी प्रीति के फर्जी हस्ताक्षर कर बैंक खातों से राशि ट्रांसफर की।मामले की शिकायत प्रीति द्वारा किए जाने के बाद पुलिस ने दस्तावेजों और हस्ताक्षरों की जांच हैंडराइटिंग एक्सपर्ट से कराई। जांच रिपोर्ट में हस्ताक्षर फर्जी पाए जाने के बाद पुलिस ने अमित के खिलाफ धारा 420, 467, 468 और 471 भादंवि के तहत मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पुलिस बैंक खातों के लेन-देन और अन्य दस्तावेजों की भी जांच कर रही है।

जन्माष्टमी पर कृष्ण भक्ति के रंग में रंगेगा छिंदवाड़ा

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी की रहेगी धूम, जिला गौली समाज करेगा आयोजन

हरिभूमि न्यूज ▶▶ छिंदवाड़ा

कृष्ण जन्माष्टमी का पर्व इस वर्ष जिले वासियों के लिए बेहद यादगार बनने जा रहा है। जिला गौली समाज इस पावन अवसर को और भी यादगार एवं भव्य बनाने के लिए लगातार तैयारी में जुटा हुआ है। गौली समाज अपने आराध्य श्री कृष्ण जी का जन्मोत्सव मनाने के चलते जिला स्तर पर वृहद कार्यक्रमों का आयोजन करने जा रहा है।

गौली समाज के जिले में दो प्रमुख मंदिर हैं जिनमें पुराना आरटीओ ऑफिस के पास, परासिया रोड स्थित श्री राधाकृष्ण मंदिर और जुन्नारदेव स्थित पहली पायरी मंदिर। इन दोनों ही स्थानों पर विशेष पूजन के साथ कार्यक्रमों की धूम रहेगी। यह होगी कार्यक्रम की रूपरेखा छिंदवाड़ा में जिला गौली समाज द्वारा श्री कृष्ण जन्मोत्सव के तहत दिनांक 4 सितंबर 2026 दिन शुक्रवार को परासिया रोड, पुराना आरटीओ ऑफिस के पीछे स्थित श्री राधा कृष्ण मंदिर में प्रातः 9:00 बजे से 10:00 तक विशेष हवन पूजन आरती की जाएगी। प्रातः 11:00 बजे पुलिस ग्राउंड छिंदवाड़ा से शोभायात्रा निकाली जाएगी। 04 सितंबर 2026 को सत्ता स्थापना की जाएगी। अगले दिन संध्या को सत्ता समापन किया जाएगा। इसी रात्रि 12 बजे जन्मोत्सव आरती की जाएगी। अगले दिन दिनांक 05 सितंबर 2026 को भव्य शोभायात्रा निकाली जाएगी जिसमें भजन मंडल भी शामिल होंगे। इस शोभायात्रा में शामिल झांकियां आकर्षण का केंद्र रहेंगी। अमरवाड़ा क्षेत्रीय पट्टी अध्यक्ष राजेंद्र पटेल, जुन्नारदेव क्षेत्रीय पट्टी अध्यक्ष पुनाराम यदुवंशी, हिरदागढ़ क्षेत्रीय पट्टी अध्यक्ष जगदीश यदुवंशी, जिला गौली युवा संगठन अध्यक्ष जगन्नाथ यदुवंशी, छिंदवाड़ा क्षेत्रीय युवा संगठन अध्यक्ष श्याम यदुवंशी, रब्बी पट्टी क्षेत्रीय युवा संगठन अध्यक्ष जीतू चंद्रवंशी, परासिया पट्टी क्षेत्रीय युवा संगठन अध्यक्ष मेघराज यदुवंशी, खैरी पट्टी चौरई युवा संगठन अध्यक्ष देवकरण चंद्रवंशी आदि पदाधिकारियों एवं समाज के सदस्यों ने सभी श्री कृष्ण प्रेमियों से इस भव्य और दिव्य आयोजन में शामिल होने आग्रह किया है।

प्रस्तुति देने वाले मण्डलों को मिलेंगे पुरस्कार

जिला गोली समाज द्वारा भजन प्रतियोगिता का भी आयोजन किया जा रहा है। विजेता मंडलों को पुरस्कार भी प्रदान किए जाएंगे। प्रथम स्थान पाने वाले मंडल को 15001 रुपये, द्वितीय स्थान पाने वाले मंडल को 11001 रुपए, तृतीय स्थान पर आने वाले मंडल को 10001 रुपए, चतुर्थ स्थान पर आने वाले मंडल को 7101 रुपए एवं पांचवा स्थान पाने वाले मंडल को 5101 रुपए की राशि बतौर पुरस्कार प्रदान की जाएगी।

सामाजिक न्याय और आयुष विभाग के नए कार्यालयों को हरी झंडी

पांढुर्णा। प्रदेश सरकार ने नवगठित पांढुर्णा जिले के विकास को गति देते हुए सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग तथा आयुष विभाग में नए कार्यालयों की स्थापना और पदों के सृजन को मंजूरी दे दी है। शासन के इस फैसले के तहत सामाजिक न्याय एवं दिव्यांगजन सशक्तिकरण विभाग के जिला कार्यालय के लिए 15 प्रशासनिक पद और 2 चतुर्थ श्रेणी पद स्वीकृत किए गए हैं। वहीं, आयुष विभाग के अंतर्गत जिला आयुष अधिकारी कार्यालय के सुचारू संचालन के लिए 20 नए पदों के सृजन को हरी झंडी मिली है। इस निर्णय से जिले में स्वास्थ्य सेवाओं और सामाजिक कल्याणकारी योजनाओं को नया बल मिलेगा। इस उपलब्धि पर खुशी जाहिर करते हुए नगरपालिका पांढुर्णा के अध्यक्ष संदीप घाटोडे ने इसे जिले के सर्वांगीण विकास की दिशा में एक बड़ा कदम बताया। उन्होंने कहा, "मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव जी के नेतृत्व में प्रदेश सरकार संवेदनशीलता और जनहित की भावना से कार्य कर रही है। नए विभागीय कार्यालयों की शुरुआत से दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों, जरूरतमंदों और समाज के वंचित वर्गों तक सरकारी योजनाओं का लाभ अधिक पारदर्शिता और तेजी से पहुंचेगा।"नए कार्यालयों की स्थापना से स्थानीय निवासियों को अब अपने प्रशासनिक और स्वास्थ्य संबंधी कार्यों के लिए दूसरे जिलों के चक्कर नहीं काटने पड़ेंगे।

नवगठित पांढुर्णा जिले को मिली प्रशासनिक सौगातः मोहोड़

सौंसर। नवगठित पांढुर्णा जिले के विकास को और अधिक गति देने की दिशा में प्रदेश मंत्रिपरिषद ने एक अत्यंत महत्वपूर्ण और जनहितकारी निर्णय लिया है। इसके तहत जिले में प्रशासनिक व्यवस्था और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने के लिए दो नए कार्यालयों और विभिन्न पदों की स्वीकृति दी गई है, जिससे नागरिकों को अब स्थानीय स्तर पर ही सुगमता से शासकीय सेवाओं का लाभ मिल सकेगा। मिली जानकारी के अनुसार जिले में सामाजिक न्याय विभाग का नया कार्यालय प्रारंभ होने का मार्ग प्रशस्त हो गया है। इसके लिए कुल 17 पदों की स्वीकृति मिली है, जिसमें 15 पद विभिन्न श्रेणियों के और 2 पद चतुर्थ श्रेणी के शामिल हैं। इस कार्यालय के शुरू होने से दिव्यांगजनों, वरिष्ठ नागरिकों, जरूरतमंदों और समाज के वंचित वर्गों को शासन की तमाम कल्याणकारी योजनाओं का सीधा और सुगम लाभ मिल सकेगा। इसके साथ ही, जिला आयुष अधिकारी कार्यालय के लिए कुल 20 नए पदों की प्रशासनिक स्वीकृति प्रदान की गई है। इस निर्णय से जिले में आयुर्वेद, योग और अन्य पारंपरिक आयुष पद्धतियों पर आधारित स्वास्थ्य सेवाओं के बेहतर संचालन और विस्तार को अभूतपूर्व बल मिलेगा, जिससे ग्रामीण व शहरी अंचल के मरीजों को गुणवत्तापूर्ण स्वास्थ्य लाभ प्राप्त होगा।इस जनहितकारी निर्णय के लिए भाजपा जिला अध्यक्ष संदीप मोहोड़ ने पांढुर्णा सौसर की समस्त जनता की ओर से प्रदेश के मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव और प्रभारी मंत्री प्रधुम्न सिंह तोमर के प्रति हृदय से आभार एवं धन्यवाद व्यक्त किया है।

LIC अभिकर्ताओं ने किया कन्या स्कूल में पौधरोपण

सौंसर। मंगलवार को भारतीय जीवन बीमा निगम (एलआईसी) के 70वें स्थापना दिवस के अवसर पर सौसर शाखा के अधिकारी-कर्मचारियों ने शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय के 'भूमि इको क्लब' के संयुक्त तत्वावधान में शाला प्रांगण में वृक्षारोपण किया। इस दौरान स्कूल प्रांगण में आम, गुलमोहर, अशोक और करंज के पौधे रोपे गए। कार्यक्रम में सहायक प्रशासनिक अधिकारी श्रीमती भावना नंदनवार एवं मीनल त्रिवेदी ने एलआईसी की गौरवशाली यात्रा साझा करते हुए बताया कि 1 सितंबर 1956 को 5 करोड़ की शुरुआती पूंजी से स्थापित इस संस्था का आज बाजार पूंजीकरण लगभग 5,22,000 करोड़ रुपये है और इसकी पॉलिसियों की संख्या 37 करोड़ से अधिक है। इको क्लब प्रभारी सूर्यकीर्ति काले ने कहा कि पौधारोपण भविष्य के लिए एक अनमोल बीमा है। वरिष्ठ शाखा प्रबंधक नीलकंठ घोरमारे, सहायक शाखा प्रबंधक दीपक सिमैया, प्राचार्य भास्कर गावंडे,पराग अडे, सहित प्रिया पाटील, ईशा कोष्ठा, अजिंक्य तामगाडगे, उपस्थित रहे।

सुरजीत सिंह अध्यक्ष, सुदर्शन उपाध्यक्ष एवं आनंद वर्मा सचिव निर्वाचित

हरिभूमि न्यूज ▶▶ चौरई

तहसील बार एसोसिएशन चौरई के निर्वाचन वर्ष 2026 के अंतर्गत आज शांतिपूर्ण एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में मतदान एवं मतगणना की कार्यवाही संपन्न हुई।प्राप्त मतों के आधार पर निर्वाचन अधिकारी द्वारा निम्न प्रत्याशियों को विजयी घोषित किया गया। अध्यक्ष पदः श्री सुरजीत सिंह ठाकुर 103 मतउपाध्यक्ष पदः सुदर्शन सोनी 96 मतसचिव पदः श्री आनंद कुमार वर्मा 77 मतनिर्वाचन परिणामों की विधिवत घोषणा निर्वाचन अधिकारी द्वारा की गई। सभी विजयी पदाधिकारियों को अधिवक्ता साथियों ने शुभकामनाएं एवं बधाई दी। निर्वाचन प्रक्रिया के सफल एवं शांतिपूर्ण संचालन में सहयोग प्रदान करने वाले समस्त अधिवक्ता मतदाताओं के प्रति निर्वाचन अधिकारी ने आभार व्यक्त किया तथा आशा व्यक्त की कि नवनिर्वाचित पदाधिकारी बार के हितों, अधिवक्ता साथियों की समस्याओं तथा बार एवं बेंच के मध्य सौहार्दपूर्ण संबंधों को और मजबूत बनाने के लिए कार्य करेंगे।

जुलाई तक की शासकीय योजनाओं की पेंशन खाते में डलीनगर पालिका अध्यक्ष ने पेंशनधारियों से खाता चैक करने की अपील की

हरिभूमि न्यूज ▶▶ परासिया

नगर पालिका परासिया के शासकीय योजनाओं के पेंशनधारियों की पेंशन हितग्राहियों के खाते में डाली जा चुकी है। नगर पालिका अध्यक्ष विनोद मालवीय ने मंगलवार को कहा कि सभी योजनाओं की जुलाई माह तक की पेंशन खाते में डाली जा चुकी है। उन्होंने हितग्राहियों से खाता चैक करने की अपील की। कहा कि हितग्राही परेशान न हो। खाता चैक करें। कोई समस्या हो तो नगर पालिका आकर संपर्क करें।नगर पालिका में उनकी समस्या का समाधान किया जाएगा। समाधान न होने पर ही 181 पर शिकायत करें।

गौरतलब है कि लगभग सत्तर शिकायते मुख्यमंत्री हेल्पलाईन पर की गई है। जबकि पेंशन खाते में डाली जा चुकी है। नगर पालिका अध्यक्ष ने कहा कि जिनके डीबीटी है और जिन खातों की डीबीटी नहीं है सभी खातों में पेंशन डाली जा चुकी है।इंदिरागांधी राष्ट्रीय वृद्धावस्था, निराश्रित, निशक्त पेंशन, सामाजिक सुरक्षा वृद्धावस्था, विधवा, परित्यक्ता, निश्क्त पेंशन, दिव्यांग शिक्षा प्रोत्साहन राशि, सामाजिक सुरक्षा, मुख्यमंत्री सामाजिक सुरक्षा कल्याणी, कन्या अभिभावक, मानसिक बहु विकलांग, वृद्धावस्था अंतवासियों की पेंशन सभी खातों में डाली जा चुकी है। सभी पेंशनधारियों को सूचित किया जाता है वे परेशान न हो, खाते में चैक करे। किसी भी समस्या के लिए नगर पालिका आकर संपर्क करे। किसी को भी परेशान होने की आवश्यकता नहीं है।

3 हजार से अधिक विद्यार्थियों को मिली लैपटॉप के लिए 25000 रूपये की राशि

छिन्दवाड़ा। मध्यप्रदेश के प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को आधुनिक तकनीक और बेहतर शैक्षणिक संसाधनों से जोड़ने की दिशा में पहल करते हुए राज्य सरकार मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना चला रही है। मध्यप्रदेश माध्यमिक शिक्षा मंडल की कक्षा 12वीं परीक्षा सत्र 2025 - 26 में प्रथम प्रयास में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले मेधावी विद्यार्थियों को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से इस योजना के अंतर्गत मंगलवार को लैपटॉप वितरण का कार्यक्रम आयोजित हुआ। भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे सभागार में आयोजित इस कार्यक्रम में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने 'प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना' के अंतर्गत प्रदेश के 1 लाख 21 हजार से अधिक विद्यार्थियों के बैंक खातों में लैपटॉप क्रय के लिए 304 करोड़ से अधिक की प्रोत्साहन राशि सिंगल क्लिक के माध्यम से अंतरित की। मुख्यमंत्री मेधावी विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत माध्यमिक शिक्षा मंडल की हायर सेकेंडरी कक्षा 12वीं परीक्षा सत्र 2026 में प्रथम प्रयास में 75 प्रतिशत से अधिक अंक प्राप्त करने वाले छिंदवाड़ा जिले के 3279 एवं पांढुर्णा जिले के 831, इस प्रकार कुल 4110 पात्र मेधावी विद्यार्थियों को लैपटॉप क्रय के लिए प्रति विद्यार्थी 25,000/- की राशि उनके बैंक खातों में सिंगल-क्लिक के माध्यम से अंतरित की गई है। खाते में राशि आते ही इन सभी विद्यार्थियों में खुशी का माहौल है और वे अपनी हायर स्टडीज को लेकर उत्साहित हैं। छिंदवाड़ा जिले के शासकीय उत्कृष्ट विद्यालय से उत्तीर्ण छात्रा कु. प्राची देहरिया ने बताया कि उसने कक्षा 12वीं में 89% हासिल किये हैं और वर्तमान में प्रधानमंत्री कॉलेज ऑफ एक्सीलेंस शासकीय पीजी कॉलेज की स्टूडेंट है। प्राची का कहना है कि खुद का लैपटॉप होने के बाद कॉलेज की पढ़ाई में बहुत मदद मिलेगी। कु. सोनाक्षी राजपूत ने बताया कि उसने कक्षा 12 वीं की परीक्षा 93.6 % के साथ उत्तीर्ण की है। लैपटॉप के लिए राशि मिलने पर खुशी जाहिर करते हुए मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव को धन्यवाद दिया है। छिंदवाड़ा की कु. माही उमप ने कक्षा 12वीं की परीक्षा 89.9 % के साथ उत्तीर्ण की है। माही ने बताया कि वे बहुत समय से लैपटॉप लेना चाहती थीं, लेकिन परिवार पर आर्थिक बोझ ना आए इस संकोच में नहीं ले पा रही थीं। माही को लैपटॉप के लिए राशि मिलने की बहुत खुशी है, उसका कहना कि अब आगे की पढ़ाई सुविधाजनक तरीके से हो सकेगी। नितिन साहू, जिन्होंने 80 % के साथ कक्षा 12वीं की परीक्षा उत्तीर्ण की है, उसने कहा कि लैपटॉप से अब आगे की पढ़ाई में आसानी होगी और बहुत सारी नई चीजें सीख पाऊंगा। इसी तरह छिंदवाड़ा के शासकीय स्कूल से कक्षा 12वीं में 94% हासिल करने वाली कु. दिव्यांशी जैन, 93.8% लाने वाली कु. ऐश्वर्या करेवाले, 82.4% हासिल करने वाली खुशी सिंह, 82% हासिल करने वाले समीर मंडराह, 88% हासिल करने वाले ऋषभ सूर्यवंशी सहित जिले के सभी मेधावी विद्यार्थियों में खुशी का माहौल है और उन्होंने लैपटॉप के साथ डिजिटल उड़ान देने के लिए मुख्यमंत्री डॉ. यादव का धन्यवाद दिया है। राशि अंतरण के साथ ही छिंदवाड़ा सहित प्रदेशभर के हजारों मेधावी विद्यार्थियों के लिए डिजिटल शिक्षा के नए अवसरों का रास्ता खुला है। सरकार की इस योजना का उद्देश्य प्रतिभाशाली विद्यार्थियों को तकनीकी संसाधन उपलब्ध कराकर उनकी पढ़ाई को अधिक प्रभावी बनाना और उन्हें बदलते डिजिटल दौर के अनुरूप तैयार करना है।

कटंगी बस स्टैंड पर ग्रामीणों ने किया भव्य स्वागत

24 साल देश सेवा कर घर लौटे हवलदार

हरिभूमि न्यूज कटंगी। भारतीय थल सेना में 24 वर्ष तक अनवरत देश की सेवा करने के बाद हवलदार के पद से सेवानिवृत्त होकर अपने गृह ग्राम सेलवा लौटे तूफान सिंह राहंगडाले का कटंगी नगर के बस स्टैंड पर ग्रामीणों और परिजनों ने जोरदार और भावुक स्वागत किया। दोपहर 1 बजे जैसे ही तूफान सिंह निजी वाहन से उतरे, पहले से उनका इंतजार कर रहे लोगों ने जय हिंद के नारों के साथ उनका अभिनंदन किया। देशभक्ति और सम्मान से भरे इस दृश्य ने वहां मौजूद हर व्यक्ति की आंखें नम कर दीं। यह स्वागत केवल एक व्यक्ति का नहीं, बल्कि एक सैनिक के 24 साल के त्याग, तपस्या और राष्ट्र सेवा का सम्मान था। तूफान सिंह राहंगडाले भारतीय थल सेना की प्रतिष्ठित ऑल इंडिया इंजीनियरिंग वर्क ऑफ इलेक्ट्रीशियन ट्रेड से हवलदार के पद से सेवानिवृत्त हुए हैं। सोमवार दोपहर 1 बजे जब वे कटंगी बस स्टैंड पहुंचे, तो वहां पहले से ही उनके पिता, भाई, ग्राम के सरपंच, उपसरपंच सहित बड़ी संख्या में ग्रामीण उनका इंतजार कर रहे थे। जैसे ही वह बस स्टैंड पहुंचे। परिजनों ने उन्हें पुष्पगुच्छ देकर और गले में फूलों की माला पहनाकर स्वागत किया। ग्रामीणों ने भारत माता की जय के नारे लगाए। पूरे बस स्टैंड परिसर में देशभक्ति का माहौल बन गया। कई लोगों ने उनके साथ सेल्फी ली और उनके अनुभवों को सुना। इस अवसर पर उनके पिता केशोराव राहंगडाले की आंखों में गर्व और खुशी के आंसू थे। उन्होंने कहा कि उनका बेटा 24 साल तक देश की सेवा में रहा, यह पूरे परिवार और गांव के लिए गौरव की बात है।

स्वागत कार्यक्रम में तूफान सिंह के भाई टेनीसिंह राहंगडाले, टीकमचंद राहंगडाले, ग्राम सेलवा के सरपंच देवेंद्र सिंह देशमुख, उपसरपंच योगेंद्र मात्रे, विष्णु देशमुख, रूपेन्द्र देशमुख, तोपसिंह देशमुख, चंदन राहंगडाले, जयसिंह राहंगडाले, चोखेन्द्र राहंगडाले सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। सभी ने बारी-बारी से उनका पुष्पमाला से स्वागत किया और मिठाई खिलाकर खुशी जाहिर की। ग्राम सरपंच देवेंद्र सिंह देशमुख ने कहा कि तूफान सिंह ने न केवल अपने परिवार का, बल्कि पूरे सेलवा गांव और कटंगी क्षेत्र का नाम रोशन किया है। उनके जैसा सैनिक गांव के युवाओं के लिए प्रेरणा है।

वारासिवनी-कटंगी मार्ग पर जान जोखिम में सफर, रेलवे क्रॉसिंग के पास सड़क बदहाल

हरिभूमि न्यूज वारासिवनी।

वारासिवनी से कटंगी को जोड़ने वाले अति महत्वपूर्ण और प्रमुख मार्ग पर स्थित ग्राम धानी टोला बुदबुदा रेलवे क्रॉसिंग के पास सड़क की बदहाली से राहगीर बेहद परेशान हैं। कुछ वर्ष पूर्व ही बने इस बेहतरीन मार्ग का एक करीब 50 फीट का हिस्सा रेलवे परिसर के अंतर्गत ही पूरी तरह तोड़ दिया गया था। जो वर्तमान में बड़े गड्ढे और गहरे कीचड़ में तब्दील हो चुका है। इस मार्ग पर लगातार हो रही दुर्घटनाओं में लोग घायल हो रहे हैं जिसके कारण उन्हें अपनी नौकरी व कामकाज से छुट्टियां लेनी पड़ रही हैं।

तोड़ी गई थी सड़क अंडरपास निर्माण के नाम पर: प्राप्त जानकारी के अनुसार पूर्व में अंडरपास निर्माण की स्वीकृति मिलने के बाद रेलवे परिसर के अंतर्गत आने वाली सड़क के एक छोर को लगभग 50 फीट तक तोड़ दिया गया था। गहरा गड्ढा हो जाने पर स्थानीय ग्रामीणों ने स्वयं पहल करते हुए मुरुम डालकर किसी तरह आवागमन बहाल किया था। हालांकि इसके बाद ना तो सड़क निर्माण एजेंसी और ना ही रेलवे विभाग ने इस हिस्से के स्थायी सुधार पर ध्यान दिया। वर्तमान में बारिश का पानी जमा होने से यहां दलदल और कीचड़ की स्थिति बन गई है। वारासिवनी कटंगी मार्ग एक अति व्यस्त सड़कहै, जो सीधे बड़े महानगरों को जोड़ती है। इस मार्ग से प्रतिदिन सैकड़ों मालवाहक, यात्री बसें, निजी वाहन और स्थानीय ग्रामीण गुजरते हैं। सड़क के दूसरे छोर पर बने स्पीड ब्रेकर और साइड सोल्डर भी बुरी तरह क्षतिग्रस्त होकर टूट चुके हैं। सबसे अधिक परेशानी रात्रि के समय होती है, जब अंधेरे के कारण चालकों को पानी और कीचड़ से भरा गड्ढा दिखाई नहीं देता और वाहन अनियंत्रित होकर दुर्घटनाग्रस्त हो जाते हैं। ग्रामीणों ने इस जनसमस्या और खतरे की और रेलवे विभाग व संबंधित अधिकारियों का ध्यान कई बार आकर्षित कराया है लेकिन अब तक कोई सकारात्मक पहल नहीं की गई है। स्थिति जस की तस बनी हुई है और लोग जान जोखिम में डालकर सफर करने को मजबूर हैं। ग्रामीणों और राहगीरों ने प्रशासन व रेलवे विभाग से मांग की है कि यात्रियों की सुरक्षा को देखते हुए अविलंब सड़क मरम्मत और क्षतिग्रस्त साइड शोल्डर का सुधार कार्य कराया जाए। ग्रामीण कुंवरलाल पंचेश्वर ने बताया कि यहां पर अंडरपास के लिए टांके बने थे उस समय सड़क को तोड़ने का काम शुरू हुआ था। फिर बीच में सब बंद हो गया हम यहां दुकान लगाते हैं, तो सब देखे हैं अभी यह गड्ढा बना हुआ है जिससे दुर्घटनाएं होती रहती है। रेलवे खुद कुछ नहीं कर रहा है जबकि उनके द्वारा तोडा गया हैं गहरा गड्ढा हो जाने से एक दुकानदार के द्वारा यहां मुरुम डाल दी गई थी। तब जाकर यह भरा है। पंचायत का यहां कुछ नहीं है, रेलवे का परिसर पड़ता है। सरपंच ने भी अधिकारियों से कहा पर उन्होंने कोई ध्यान नहीं दिया। अधिकारी आकर नाप कर चले जाते हैं, यहां पर आये दिन दुर्घटनाएं होती रहती है, लोग गंभीर चोटिल होकर परेशान होते हैं और कई बार लोग बड़ी दुर्घटना से बच भी जाते हैं।

सोनेगांव में कुएं में मिला 32 वर्षीय महिला का शव

कटंगी। तिरोड़ी थाना क्षेत्र के ग्राम सोनेगांव में एक 32 वर्षीय महिला का शव गांव के ही एक कुएं से बरामद किया गया है। घटना से गांव में सनसनी फैल गई। सूचना मिलने पर पहुंची पुलिस ने शव को कुएं से बाहर निकलवाकर जांच शुरू की है। मंगलवार 01 सितंबर की दोपहर 12 बजे पुलिस ने शव का पोस्टमार्टम करवाकर शव परिजनों को सौंप दिया है। पुलिस से मिली जानकारी के अनुसार मृतका की पहचान गायत्री पिता मानिक लाल पारधी (32) के रूप में हुई है। बताया जा रहा है कि 31 अगस्त की रात महिला ने अपने परिजनों के साथ सामान्य रूप से भोजन किया था। भोजन के बाद जब परिजन सोने के लिए चले गए, तब महिला घर से बाहर निकल गई। रात करीब 10 बजे उसने गांव के ही एक कुएं में कूदकर आत्महत्या कर ली। पुलिस ने बताया कि मृतका मानसिक रूप से कमजोर थी, जिसका लंबे समय से उपचार चल रहा था। प्रारंभिक जांच में आत्महत्या का कारण मानसिक बीमारी ही माना जा रहा है। तिरोड़ी पुलिस ने इस मामले में मर्ग कायम कर जांच विवेचना शुरू कर दी है। पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद ही मौत के सही कारणों का खुलासा हो सकेगा।

लाखों की लागत से बने स्कूल भवनों की दीवारों में दरारें, पुट्टी-पेंट से दबा दिए गए निशान!

ग्राम लाडसा में 12.75 लाख के प्राथमिक और 14.99 लाख के माध्यमिक शाला भवन के निर्माण पर उठे सवाल; ग्रामीणों ने गुणवत्ता, फर्जी रिपोर्ट और बिलों की उच्चस्तरीय जांच की उठाई मांग

हरिभूमि न्यूज लांजी। सरकार द्वारा ग्रामीण क्षेत्रों में बच्चों को बेहतर और सुरक्षित शैक्षणिक वातावरण उपलब्ध कराने के उद्देश्य से लाखों रुपये खर्च कर स्कूल भवनों का निर्माण कराया जा रहा है, लेकिन ग्राम पंचायत लाडसा में निर्मित प्राथमिक एवं माध्यमिक शाला भवनों की गुणवत्ता को लेकर गंभीर सवाल खड़े हो गए हैं। ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में कथित तौर पर भारी अनियमितता का आरोप लगाते हुए पूरे मामले की उच्चस्तरीय जांच की मांग की है।ग्रामीणों के अनुसार ग्राम लाडसा में गौण खनिज मद से प्राथमिक शाला भवन का निर्माण करीब 12 लाख 75 हजार रुपये की लागत से, जबकि माध्यमिक शाला भवन का निर्माण करीब 14 लाख 99 हजार रुपये की लागत से कराया गया है। दोनों निर्माण कार्यों की कार्य एजेंसी ग्राम पंचायत लाडसा बताई जा रही है। आरोप है कि निर्माण कार्य के दौरान ही भवन की दीवारों में दरारें दिखाई देने लगी थीं। इसके बावजूद कथित तौर पर संबंधित जिम्मेदारों द्वारा दरारों को पुट्टी एवं पेंट कराकर छिपाने का प्रयास किया गया।

निर्माण के दौरान ही सामने आईं दरारें, पुट्टी-पेंट से छिपाने का आरोपः ग्रामीणों का कहना है कि यदि किसी नए भवन की दीवारों में निर्माण कार्य पूरा होने से पहले ही दरारें आने लगें तो यह निर्माण की गुणवत्ता पर गंभीर सवाल खड़े करता है। आरोप है कि दीवारों में आई दरारों को ठीक तरीके से दुरुस्त करने के बजाय उन पर पुट्टी और पेंट कर दिया गया, जिससे बाहरी तौर पर दरारें दिखाई न दें।ग्रामीणों की मांग है कि भवन की केवल ऊपरी सतह देखकर जांच करने के बजाय दीवारों, नींव, छत, निर्माण सामग्री और इस्तेमाल किए गए मटेरियल की गुणवत्ता की तकनीकी जांच कराई जाए, ताकि वास्तविक स्थिति सामने आ सके।

ग्रामीणों का कहना है कि यदि जनपद शिक्षा केंद्र अथवा संबंधित विभाग के तकनीकी विशेषज्ञ/इंजीनियर से दोनों भवनों की निष्पक्ष एवं उच्चस्तरीय जांच कराई जाती है तो निर्माण कार्य की गुणवत्ता की वास्तविक स्थिति सामने आ सकती है।ग्रामीणों ने निर्माण में उपयोग की गई सामग्री की गुणवत्ता की जांच के साथ-साथ निर्माण से संबंधित मटेरियल टेस्ट रिपोर्ट की भी जांच कराने की मांग की है। ग्रामीणों का आरोप है कि कार्य एजेंसी द्वारा पदार्थ/मटेरियल की रिपोर्ट भी कथित रूप से फर्जी तरीके से प्रस्तुत की गई है। ऐसे में संबंधित दस्तावेजों और वास्तविक निर्माण सामग्री का मिलान कराए जाने की मांग उठ रही है।

मामले को लेकर ग्रामीणों ने निर्माण कार्य में लगाए गए बिलों पर भी सवाल उठाए हैं। उनका आरोप है कि निर्माण कार्य से संबंधित बिल एवं भुगतान दस्तावेजों में भी अनियमितता हो सकती है। इसलिए निर्माण में उपयोग हुई सामग्री की मात्रा, बाजार दर, बिल, भुगतान, मस्टर रोल, तकनीकी स्वीकृति, मूल्यांकन एवं कार्य पूर्णता से संबंधित समस्त दस्तावेजों की जांच कराए जाने की मांग की गई है।

प्रशासनिक अधिकारियों के कार्य विभाजन में बड़ा फेरबदल

आदित्य नारायण तिवारी बने लांजी एसडीएम, कमलचंद सिंहसार ने संभाला किरनापुर का प्रभार; लांजी में कार्यकाल के दौरान बेहतर प्रशासनिक समन्वय के लिए रहे चर्चित

हरिभूमि न्यूज लांजी।

जिले में प्रशासनिक कार्य व्यवस्था को और अधिक सुचारू एवं प्रभावी बनाने के उद्देश्य से कलेक्टर कुमार सत्यम ने राज्य प्रशासनिक सेवा के अधिकारियों के बीच नए सिरे से कार्य विभाजन किया है। जारी आदेश के तहत आदित्य नारायण तिवारी को लांजी अनुविभागीय अधिकारी (राजस्व) एसडीएम का दायित्व सौंपा गया है। वहीं लांजी में एसडीएम की जिम्मेदारी संभाल रहे डिप्टी कलेक्टर कमलचंद सिंहसार को किरनापुर एसडीएम का प्रभार दिया गया है।प्रशासनिक फेरबदल के बाद अब लांजी अनुविभाग की राजस्व एवं प्रशासनिक व्यवस्था की कमान आदित्य नारायण तिवारी के हाथों में होगी। उनके सामने राजस्व प्रकरणों के निराकरण, शासन की योजनाओं के प्रभावी क्रियान्वयन, कानून-व्यवस्था से जुड़े मामलों में प्रशासनिक समन्वय तथा आमजन की समस्याओं के निराकरण जैसी महत्वपूर्ण जिम्मेदारियां रहेंगी।

लांजी से किरनापुर पहुंचे कमलचंद सिंहसार : लांजी एसडीएम के रूप में जिम्मेदारी संभालने वाले कमलचंद सिंहसार का अब किरनापुर स्थानांतरण प्रशासनिक कार्य विभाजन का हिस्सा है। लांजी में अपने कार्यकाल के दौरान उन्होंने राजस्व एवं प्रशासनिक मामलों में सक्रियता के साथ काम किया। विभिन्न प्रशासनिक परिस्थितियों में विभागीय अधिकारियों और मैदानी अमले के बीच समन्वय बनाकर काम को आगे बढ़ाने में उनकी भूमिका रही।सिंहसार के कार्यकाल के दौरान आमजन से जुड़े राजस्व मामलों, प्रशासनिक शिकायतों और शासन की योजनाओं के क्रियान्वयन को लेकर प्रशासनिक स्तर पर लगातार गतिविधियां संचालित होती रहीं। लांजी से उनके जाने के बाद अब उनकी जगह नए अधिकारी के रूप में आदित्य नारायण तिवारी जिम्मेदारी संभालेंगे।

किरनापुर में भी प्रशासन को मिलेगा अनुभव का लाभः कमलचंद सिंहसार को किरनापुर एसडीएम का प्रभार मिलने के बाद वहां भी उनके प्रशासनिक अनुभव का लाभ मिलने की उम्मीद है। लांजी जैसे बड़े ग्रामीण अनुविभाग में काम करने के बाद किरनापुर में नई जिम्मेदारी उनके लिए एक महत्वपूर्ण प्रशासनिक दायित्व होगी।राजस्व प्रकरणों के निराकरण, आमजन की समस्याओं को सुनने, शासन की योजनाओं की जमीनी स्थिति की समीक्षा करने तथा विभिन्न विभागों के बीच समन्वय स्थापित करने का अनुभव उन्हें किरनापुर में कार्य करने में मददगार साबित हो सकता है।

खबर संक्षेप

ग्राम पंचायत एवं अनुभाग स्तर पर जनसुनवाई आगाज

हरिभूमि न्यूज सिवनी। कलेक्टर श्रीमती नेहा मीना के निर्देशानुसार जिले में आम नागरिकों की समस्याओं एवं शिकायतों के स्थानीय स्तर पर त्वरित निराकरण के लिए ग्राम पंचायत एवं अनुभाग स्तर पर जनसुनवाई की शुरुआत आज से हो गई है। जिले की ग्राम पंचायतों एवं अनुभाग स्तर पर आयोजित जनसुनवाई में नागरिकों से उनकी समस्याओं, शिकायतों एवं मांगों से संबंधित आवेदन प्राप्त करते हुए आवेदनों का परीक्षण कर नियमानुसार आवश्यक कार्यवाही की गई। कलेक्टर श्रीमती मीना ने अधिकारियों को निर्देश दिए हैं कि जनसुनवाई में प्राप्त आवेदनों का गंभीरतापूर्वक परीक्षण करते हुए पात्र प्रकरणों का समय-सीमा में निराकरण सुनिश्चित किया जाए। साथ ही आवेदकों को उनके प्रकरण में की गई कार्यवाही से अवगत कराया जाए। ग्राम पंचायत एवं अनुभाग स्तर पर जनसुनवाई प्रारंभ होने से ग्रामीण एवं दूरस्थ क्षेत्रों के नागरिकों को अपनी समस्याओं के निराकरण के लिए जिला मुख्यालय आने की आवश्यकता नहीं होगी और उन्हें स्थानीय स्तर पर ही प्रशासन के समक्ष अपनी समस्याएं रखने का अवसर मिलेगा।

सडक़ हादसे में दो की मौत

हरिभूमि न्यूज सिवनी। जबलपुर से सिवनी दिशा की ओर बुलेट में आ रहे दो लोग सोमवार को दोपहर रोड डिवाइडर से टकराने के बाद गंभीर रूप से घायल होने के बाद घटनास्थल पर ही दोनों की मौत हो गई। एनएच 44 पर घटी घटना की सूचना तत्काल लोगों ने एंबुलेंस को दी। नेशनल हाईवे 44 पर घोघरी घाटी के पास अज्ञात वाहन की टक्कर से बाइक एमपी 49 जेटएफ 4368 सवार दो व्यक्ति गंभीर रूप से घायल हो गए थे। दोनों को तत्काल छपारा अस्पताल पहुंचाया गया, जहां डॉक्टरों ने दोनों को मृत घोषित कर दिया। घटना की सूचना मिलते ही छपारा पुलिस मौके पर पहुंची और अज्ञात वाहन की तलाश व मामले की जांच शुरू कर दी है।

कन्या महाविद्यालय मे स्वच्छता अभियान चलाया गया

हरिभूमि न्यूज सिवनी। राष्ट्रीय सेवा योजना इकाई नेताजी सुभाष चंद्र बोस शासकीय कन्या महाविद्यालय सिवनी, द्वारा गाजर घास उन्मूलन एवं महाविद्यालय परिसर की स्वच्छता हेतु विशेष स्वच्छता अभियान चलाया गया। महाविद्यालय के प्राचार्य डॉ. ओम प्रकाश सरवैया के मार्गदर्शन एवं राष्ट्रीय सेवा योजना अधिकारी श्रीमती अलका उइके नेतृत्व में सभी स्वयं सेविका ने अत्यंत उत्साह पूर्वक अपनी सहभागिता दी। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिसर में उगी गाजर घास एवं अन्य अनावश्यक खरपतवार का उन्मूलन किया, एवं परिसर में फैली गंदगी की सफाई की गई। स्वयं सेविकाओं द्वारा परिसर में विभिन्न स्थानों की साफ सफाई की गई ,तथा एकत्रित कचरे का उचित स्थान पर निस्तारण किया गया।कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य महाविद्यालय परिसर को स्वच्छ ,सुंदर बनाना है। कार्यक्रम में महाविद्यालय परिवार से डॉ राशिद खान, श्रीमती आयशा सिद्दीका एवं अन्य सदस्य उपस्थित रहे।

लखनादौन के ग्राम बांदरा में सनसनीखेज वारदातः बड़ा देव पेनठान स्थल के फैंसिंग खंभे और तोरण को अज्ञात उपद्रवियों ने तोड़ा, आदिवासियों में भारी आक्रोश

हरिभूमि न्यूज छब्बी लाल कमलेशिया लखनादौन / जिले के लखनादौन तहसील अंतर्गत ग्राम पंचायत सेलुआ के ग्राम बांदरा में असामाजिक तत्वों द्वारा धार्मिक आस्था को आहत करने का गंभीर मामला सामने आया है। यहाँ सार्वजनिक बड़ा देव पेनठान स्थल पर सुरक्षा के लिए लगाए गए सीमेंट के 10 फैंसिंग खंभे और तोरण को रात्रि के अंधेरे में अज्ञात व्यक्तियों द्वारा तोडक़र पूरी तरह क्षतिग्रस्त कर दिया गया है। इस घटना से स्थानीय ग्रामीणों और आदिवासी समाज में भारी आक्रोश व्याप्त है।

सुबह पता चलते ही ग्रामीणों में फैली सनसनी- प्राप्त जानकारी के अनुसार, ग्राम बांदरा में स्थित सार्वजनिक बड़ा देव पेनठान स्थल को सुरक्षित करने के उद्देश्य से चारों तरफ तार फेंसिंग कराने के लिए सीमेंट के खंभे गाड़े गए थे, जिन पर तार लगाना अभी शेष था। दिनांक 29 अगस्त 2026 की रात्रि में अज्ञात उपद्रवियों ने सुनियोजित तरीके से इन सभी खंभों और तोरण को जमींदोज कर दिया। अगली सुबह जब ग्रामीण मौके पर पहुंचे, तो उन्होंने तोडफ़ोड़ का यह मंजर देखा। आसपास काफी पतासाजी करने के बावजूद आरोपियों का कोई सुराग नहीं लग पाया है। धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुँचाने और मानसिक प्रताडऩा का आरोप ग्रामीणों का कहना है कि यह केवल तोडफ़ोड़ की सामान्य घटना नहीं है, बल्कि इसके जरिए सोची-समझी रणनीति के तहत आदिवासी समाज की धार्मिक भावनाओं को ठेस पहुंचाई गई है और समाज को मानसिक रूप से प्रताड़ित किया जा रहा है। इस कृत्य से क्षेत्र में तनाव और वाद-विवाद की स्थिति बनने की आशंका पैदा हो गई है, जिसे लेकर ग्रामवासियों में गहरा रोष है।

एसडीएम को सौंपा गया ज्ञापन, कड़ी कार्रवाई की मांग

घटना से आक्रोशित समस्त ग्रामवासियों ने अनुविभागीय अधिकारी (एसडीएम) लखनादौन को औपचारिक शिकायत आवेदन सौंपते हुए अज्ञात आरोपियों के खिलाफ तत्काल प्रभाव से कठोर कानूनी कार्रवाई की मांग की है। ग्रामीणों ने चेतावनी दी है कि यदि जल्द ही उपद्रवियों का सुराग लगाकर उन पर सख्त कार्रवाई नहीं की गई, तो समाज उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होगा। आवेदन देने वालों में अजयू उइके, शिवकुमार धुर्वे, जितेन्द्र मर्सकोले, मिहिलाल इनवाती, जगतराम धुर्वे, अनकू कुंजाम, सुखदेव, रज्जू सिंह सैय्याम, सौरम उइके, रनलाल मसराम, रामकिशोर उइके, शोभों लाल, विक्रम, आसाराम, हरीसिंह, जीवनलाल धुर्वे, ओम प्रकाश, इन्द्रभान, सोनकु उइके, प्रकाश भलावी, नवीन कुमार, लच्छीप्रसाद, गोलू उइके, राइफल पट्टे सहित बड़ी संख्या में ग्रामवासी शामिल रहे।

ला कॉलेज के सामने एनएच - 44 पर हादसा, टक्कर के बाद ट्रक चालक मौके से फरार

हरिभूमि न्यूज सिवनी। लखनवाड़ा थाना क्षेत्र में नागपुर-सिवनी राष्ट्रीय राजमार्ग क्रमांक 44 पर सोमवार दोपहर सडक़ हादसे में 55 वर्षीय महिला की मौत हो गई। महिला को एक अज्ञात ट्रक ने टक्कर मार दी। हादसे के बाद ट्रक चालक वाहन लेकर मौके से फरार हो गया। पुलिस ने प्रकरण दर्ज कर अज्ञात ट्रक चालक की तलाश शुरू कर दी है। पुलिस के अनुसार घटना 31 अगस्त को दोपहर करीब 12:30 बजे ला कॉलेज के सामने एनएच-44 पर हुई। पीड़िता की बहन सविता सनोडिया निवासी पीलीनदी, सम्माननगर नागपुर ने पुलिस को बताया कि वह अपनी बहन छोटीबाई सनोडिया के घर खैरीटेक आई हुई थी। सोमवार को वह नागपुर जाने के लिए अपनी बहन के नाती रोशन सनोडिया के साथ सडक़ किनारे बस का इंतजार कर रही थी। इसी दौरान छोटीबाई सडक़ के दूसरी ओर से उसके पास आ रही थीं। तभी नागपुर की ओर से सिवनी की तरफ आ रहे तेज रफ्तार ट्रक ने लापरवाही एवं तेज गति से वाहन चलाते हुए छोटीबाई को टक्कर मार दी। टक्कर इतनी जोरदार थी कि महिला सडक़ पर दूर जाकर गिरीं और उनके सिर में गंभीर चोट आई। घायल छोटीबाई को राहगीरों की मदद से जिला अस्पताल सिवनी ले जाया जा रहा था, लेकिन रास्ते में ही उनकी मौत हो गई। मृतका छोटीबाई सनोडिया, पति स्वर्गीय भगत सनोडिया, उम्र 55 वर्ष, नागपुर रोड खैरीटेक थाना कोतवाली सिवनी की निवासी थीं।

ग्राम अर्जुनझिर केवलारी के 15 वर्षीय युवक ताजीम ने शेरे सिवनी का खिताब जीता

केवलारी / (सिवनी) कजलियां त्यौहार के बाद सिवनी जिले के ग्राम पहाडी घंसौर में दंगल का आयोजन किया गया। बधन जिसमें जिला सहित मंडला, बालाघाट, नरसिंहपुर, जबलपुर छिंदवाडा जिले सहित म.प्र. के विभिन्न जिले से आये सैकडो पहलवानो ने भाग लिया और अपनी कुश्ती के शानदार प्रदर्शन प्रदर्शन से लोगो का मन मोह लिया। आज ग्राम पहाडी में दंगल आयोजन क्षेत्रीय लोग ने आयोजित था, जिसमें शाम 6 बजे करीब केवलारी नगर के समीप स्थित ग्राम अर्जुनझिर के युवा पहलवान 15 वर्षीय ताजीम ने दंगल में भाग लिया और फाइनल कुश्ति में सिलेमा के पहलमान के साथ दांव पेंच लगाते हुए जीत हासिल की तथा शेरे सिवनी का खिताब जीता । कार्यक्रम के मुख्य अतिथिति पूर्व विधायक घंसौर रामगुलाम उइके के द्वारा फाइनल विजेता ताजीम को 4 हजार रूपये का पारितोष राशि प्रदान कर, बधाई प्रेषित की। ताजीम ने अपने ग्राम सहित जिले का नाम रोशन किया ।

कृषि उपज मंडी केवलारी में आशा चंदानी को भावभीनी विदाई

नगर के हृदय स्थल दुर्गा चौक मंदिर में स्वागत सत्कार हुआ सम्मान

सेवानिवृत्ति समारोह में सहकर्मियों ने साझा कीं आत्मीय यादें, सुखमय जीवन की दी शुभकामनाएं

हरिभूमि न्यूज ⏭ केवलारी।

कृषि उपज मंडी समिति केवलारी में लंबे समय तक अपनी सेवाएं देने वाली श्रीमती आशा चंदानी के अधिवार्षिकी आयु पूर्ण होने पर 31 अगस्त 2026 को विदाई समारोह आयोजित किया गया। इस अवसर पर मंडी समिति के अधिकारी-कर्मचारियों, सहकर्मियों एवं उनके शुभचिंतकों ने उन्हें भावभीनी विदाई देते हुए उनके सुखद, स्वस्थ एवं खुशहाल जीवन की कामना की।

समारोह में प्रमोद मोदी पूर्व अध्यक्ष ब्लॉक कांग्रेस कमेटी,राजेश उइके मंडी सचिव, संजीव अवधिया मंडी इंस्पेक्टर,अतीक खान, सौरभ प्रधान (अकाउंटेंट), कल्लू प्रसाद अग्निहोत्री, ब्रज हरि बघेल,डीलेश भंवरे, रोहित मार्शकोले, श्रीमती योगिता उइके, श्रीमती प्रियंका दुबे, अरुण बघेल, धर्मेंद्र ठाकुर, शंकर जंघेला, कैलाश यादव एवं कैलाश तिवारी सहित अन्य सभी सहकर्मियों की सराहनीय एवं गरिमामय उपस्थिति रही।

कार्यक्रम के दौरान सहकर्मियों ने श्रीमती आशा चंदानी के सेवाकाल को याद करते हुए उनके साथ बिताए गए विभिन्न पलों और आत्मीय संबंधों को साझा किया।

वक्ताओं ने कहा कि श्रीमती चंदानी का स्वभाव सदैव सरल, मिलनसार, मृदुभाषी एवं सहयोगात्मक रहा। उन्होंने अपने सेवाकाल के दौरान वरिष्ठ अधिकारियों एवं कनिष्ठ कर्मचारियों के साथ सदैव सम्मानपूर्वक व्यवहार किया तथा अपने अनुभवों को साझा करते हुए सहकर्मियों को उचित मार्गदर्शन भी दिया। श्रीमती चंदानी ने कृषि उपज मंडी समिति केवलारी में अपने दायित्वों का पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ निर्वहन किया। मंडी में आने वाले किसान भाइयों, व्यापारियों, हम्मालों एवं आमजनों के साथ भी उनका आत्मीय व्यवहार रहा। सौंपे गए कार्यों को पूरी लगन से पूरा करने के साथ ही आवश्यकता पडऩे पर उन्होंने सहकर्मियों का सहयोग कर कर्मचारी भावना का परिचय दिया।

शाम को नगर के दुर्गा चौक मंदिर प्रांगण में भी नगर के गणमान्य नागरिक साथी सहयोगी विभाग के समस्त अधिकारी ने सम्मान भोजन प्रसादी ग्रहण किया।

विदाई समारोह के दौरान उनके सहकर्मियों ने कहा कि सेवाकाल के दौरान उनके साथ बिताए हर पल और खट्टी-मीठी यादें हमेशा स्मरणीय रहेंगी। उनके सेवानिवृत्त होने से मंडी परिवार को उनकी कमी महसूस होगी।

इस अवसर पर श्रीमती आशा चंदानी के जनवरी 2003 में मंडी समिति में नियुक्त होने तथा सेवाकाल के दौरान उनके योगदान को भी याद किया गया। साथ ही पूर्व सहकर्मी एवं बड़े भाई स्वर्गीय श्री रमेश चंदानी जी के निधन के बाद उनकी स्मृति को भी श्रद्धापूर्वक नमन किया गया।

समारोह के अंत में सभी अधिकारी-कर्मचारियों एवं सहकर्मियों ने श्रीमती आशा चंदानी को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि सेवानिवृत्ति के बाद वे अपने परिवार, नाती-पोतों एवं प्रियजनों के साथ सुख-शांति और प्रसन्नता से जीवन व्यतीत करें।

सभी ने ईश्वर से उनके उत्तम स्वास्थ्य, दीर्घायु एवं परिवार के उज्ज्वल भविष्य की कामना की। आत्मीय माहौल में आयोजित यह विदाई समारोह भावुक क्षणों और पुरानी यादों के साथ संपन्न हुआ।

डूण्डासिवनी पुलिस को बड़ी सफलता - नकबजन चोर गिरोह का पर्दाफाश

तीन शातिर आरोपी गिरफ्तार, भेजे गए जेल, 2 लाख 20 हजार रुपये का मशरूका जप्त

हरिभूमि न्यूज ⏭ सिवनी।

जिले में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक श्री कृष्ण लालचंदानी द्वारा निरंतर निर्देश दिए जा रहे हैं। अतिरिक्त पुलिस अधीक्षक श्री दीपक मिश्रा एवं अनु. अधिकारी पुलिस सिवनी श्री चंचलेश मरकाम के मार्गदर्शन में डूण्डासिवनी पुलिस द्वारा तत्परता से कार्यवाही की जा रही है।

दिनांक 30.08.2026 को प्रार्थिया श्रीमती सविता पति प्रहलाद नामदेव, निवासी ड्रीम लैण्ड सिटी, सिवनी ने थाना उपस्थित आकर रिपोर्ट दर्ज कराई कि वह परिवार सहित इलाज कराने अस्पताल गई थी, इसी दौरान रात्रि में अज्ञात चोरों ने उसके घर का ताला तोडक़र सोने-चांदी के जेवरात चोरी कर लिए हैं। रिपोर्ट पर थाना डूण्डासिवनी में अपराध क्रमांक 437/2026 धारा 331(4), 305(ए) क्चहस् कायम कर विवेचना में लिया गया। थाना प्रभारी श्री चैनसिंह उईके द्वारा तत्काल टीम गठित कर आरोपियों की पतासाजी हेतु रवाना किया गया। पुलिस टीम द्वारा मुखबिर तंत्र सक्रिय किया गया तथा घटनास्थल एवं आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले गए। संदेहियों को हिरासत में लेकर सख्ती से पूछताछ करने पर उन्होंने चोरी करना स्वीकार किया। आरोपियों के कब्जे से चोरी गया समस्त मशरूका जप्त कर तीनों आरोपियों को गिरफ्तार कर माननीय न्यायालय के समक्ष पेश किया गया, जहाँ से उन्हें जिला जेल सिवनी निरुद्ध किया गया।

गिरफ्तार आरोपी

1. तौफिक पिता नफीस खान, उम्र 19 वर्ष, निवासी हड्डी गोदाम, थाना कोतवाली, जिला सिवनी
2. सद्दाम हुसैन पिता सब्बीर हुसैन, उम्र 20 वर्ष, निवासी संजय वार्ड, थाना कोतवाली, जिला सिवनी
3. अमन पिता राजेश उइके, उम्र 21 वर्ष, निवासी एफसीआई रोड, छिंदवाड़ा चौक, थाना कोतवाली, जिला सिवनी

पुलिस की भूमिका सराहनीय

निरीक्षक चैनसिंह उईके के नेतृत्व में उनि सदानंद गोदेवार, सउनि निसार खान, प्र.आर. नितेश राजपूत, प्र.आर. संजय यादव, प्र.आर. रवि धुर्वे, आर. धनराज बरकडे, आर. मोहसिन आजमी, आर. अंशुमन राजपूत, आर. अखिलेश माहोरे, आर. केशरीनंदन ऐडे, आर. हिमेन्द्र सहारे, आर. रघुराज यादव, आर. आशीष ठाकरे।

मिशन स्कूल छपारा की जिला टॉपर वंशिका जैन मुख्यमंत्री से सम्मानित

हरिभूमि न्यूज ⏭ छपारा।

मिशन स्कूल छपारा की कक्षा 12वीं वाणिज्य संकाय की छात्रा कुमारी वंशिका जैन, पिता स्वदेश जैन ने सत्र 2025-26 में सिवनी जिले में प्रथम स्थान प्राप्त कर विद्यालय एवं छपारा का नाम गौरवान्वित किया। प्रतिभाशाली विद्यार्थी प्रोत्साहन योजना के तहत उन्हें 25,000 की प्रोत्साहन राशि के लिए चयनित किया गया।

1 सितंबर को भोपाल के कुशाभाऊ ठाकरे कन्वेंशन सेंटर में आयोजित सम्मान समारोह में मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने वंशिका जैन को सम्मानित किया। इस अवसर पर विद्यालय की वरिष्ठ शिक्षिका श्रीमती आयलिन कुमार भी उपस्थित रहीं। वंशिका वर्तमान में चार्टर्ड अकाउंटेंट बनने की तैयारी कर रही हैं। उनकी सफलता पर संस्था के डायरेक्टर माइकल जॉन, प्राचार्य संजय मसीह, अंग्रेजी माध्यम प्राचार्य प्रदीप कुमार सहित समस्त शिक्षक-शिक्षिकाओं ने बधाई देते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की।

निजी विद्यालयों की सुरक्षा, गुणवत्ता एवं संगठन विस्तार पर हुई चर्चा

सिवनी। प्राइवेट स्कूल एसोसिएशन की जिला स्तरीय बैठक आशीर्वाद पैलेस, सिवनी में आयोजित हुई। निजी विद्यालयों के संचालक साथियों की गरिमामयी उपस्थिति में विद्यार्थियों की सुरक्षा, विद्यालय संचालन की गुणवत्ता, शिक्षकों के प्रशिक्षण, संगठन के विस्तार तथा निजी विद्यालयों की समस्याओं को शासन के समक्ष प्रभावी ढंग से रखने सहित विभिन्न महत्वपूर्ण विषयों पर विस्तार से चर्चा हुई। बैठक में सर्वसम्मति से लिये गये निर्णय अंतर्गत विद्यार्थियों की सुरक्षा हेतु संस्था द्वारा ग्रीन कार्ड की व्यवस्था करना ताकि अभिभावक द्वारा बच्चे को विद्यालय से ले जाते समय अनिवार्यतः प्रस्तुत किया जा सके, विद्यालय प्रारंभ होने के पश्चात विषम परिस्थितियों में अभिभावक से चर्चा उपरांत ही विद्यार्थी की छुट्टी करना, विद्यालयों के सुचारु एवं गुणवत्तापूर्ण संचालन हेतु आवश्यक मानकों, व्यवस्थाओं एवं मूलभूत आवश्यकताओं पर विशेष प्रशिक्षण का आयोजन, निजी विद्यालय संचालन में आ रही समस्याओं को शासन के समक्ष रखना, विकासखंड एवं जिला स्तरीय कार्यकारिणी का पुनर्गठन करना, 10 सूत्रीय मांगों को लेकर भोपाल में आयोजित कार्यक्रम में जिले की सहभागिता, जिला कार्यकारणी में जिलाध्यक्ष, कार्यकारी जिलाध्यक्ष, उपाध्यक्ष, सचिव, सहसचिव प्रत्येक विकाखंड से 3 सदस्य को मिलाकर 65 सदस्यीय कार्यकारणी का गठन करना षामिल है।

शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनौरा में मनाया गया 41 वां राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़ा,छात्रों को दी गई नेत्रदान की महत्वा की जानकारी

केशव राय धनौरा। शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनौरा एवं सामुदायक स्वास्थ्य केन्द्र धनौरा में 1 सितंबर 2026 को छात्र-छात्राओं के स्वास्थ्य परीक्षण के साथ ही 41वें राष्ट्रीय नेत्रदान पखवाड़े का आयोजन किया गया। यह पखवाड़ा हर वर्ष 25 अगस्त से 8 सितंबर तक देश भर में मनाया जाता है, जिसका मुख्य उद्देश्य लोगों को नेत्रदान के प्रति जागरूक करना है

इस अवसर पर नेत्र चिकित्सा सहायक नंदलाल विश्वकर्मा ने उपस्थित छात्र-छात्राओं और स्टाफ को नेत्रदान से जुड़ी महत्वपूर्ण जानकारियां दीं। उन्होंने बताया कि मृत्यु के बाद 4 से 6 घंटे के भीतर आंख की कॉर्निया को सुरक्षित निकाल लिया जाता है, जिससे किसी दृष्टिहीन व्यक्ति के जीवन में उजाला लाया जा सकता है। उन्होंने भावुक अपील करते हुए कहा कि एक व्यक्ति का नेत्रदान दो दृष्टिहीन व्यक्तियों को नई रोशनी (नेत्र ज्योति) प्रदान कर सकता है।कार्यक्रम में उपस्थित सभी लोगों से इस पुनीत कार्य में बढ़-चढक़र हिस्सा लेने और समाज में इसका प्रचार-प्रसार करने का आह्वान किया गया ताकि भारत देश से दृष्टिहीनता को पूरी तरह समाप्त किया जा सके। कार्यक्रम के अंत में एक प्रेरक संदेश दिया गया। जीवित रहते रक्तदान, मरने के बाद नेत्रदान। इस दौरान शासकीय कन्या उच्चतर माध्यमिक विद्यालय धनौरा की प्राचार्या श्रीमति गायत्री साहू एवं स्कूल की शिक्षका वंदना बैस एवं स्टाफ और बड़ी संख्या में छात्र-छात्राएं मौजूद रहे।

कोतवाली पुलिस की बड़ी कार्यवाही - सट्टा एवं अवैध शराब पर ताबड़तोड़ रेड

9 सटोरिये गिरफ्तार, 5200 नकदी व सट्टा पट्टी जप्त

11 ठिकानों पर दबिश, 55 लीटर अवैध शराब जप्त, 11 आबकारी प्रकरण दर्ज

सिवनी।जिले में जुआ-सट्टा एवं अवैध गतिविधियों पर अंकुश लगाने हेतु पुलिस अधीक्षक श्री कृष्ण लालचंदानी के निर्देशन, अति. पुलिस अधीक्षक दीपक मिश्रा एवं अनुविभागीय अधिकारी पुलिस सिवनी चंचलेश मरकाम के मार्गदर्शन में कोतवाली पुलिस द्वारा लगातार कार्यवाही की जा रही है।

दिनांक 31/08/2026 को मुखबिर से सूचना प्राप्त हुई कि अमन होटल के पास, जिंदल अस्पताल के पीछे एवं न्यू लाइफ जियारतनाका शराब दुकान के पास कुछ व्यक्ति अवैध रूप से सट्टा पट्टी लिखकर अवैध लाभ अर्जित कर रहे हैं। सूचना पर तत्काल टीम गठित कर घेराबंदी कर रेड कार्यवाही की गई। कार्यवाही में कुल 09 सटोरियों को रंगे हाथों पकडऩे में सफलता प्राप्त हुई। आरोपियों के कब्जे से कुल 5200/- रुपये नकद एवं सट्टा पट्टी विधिवत जप्त कर सभी के विरुद्ध अलग-अलग सट्टा एक्ट के तहत 09 प्रकरण पंजीबद्ध कर विवेचना में लिए गए हैं।

दूसरी कार्यवाही - अवैध शराब पर रेड

इसी क्रम में गंज सहित अन्य क्षेत्रों में 11 अलग-अलग स्थानों पर अवैध शराब विक्रेताओं के ठिकानों पर दबिश देकर कुल 55 लीटर अवैध शराब जप्त की गई एवं 11 आरोपियों के विरुद्ध आबकारी एक्ट के तहत प्रकरण दर्ज किए गए हैं।

गिरफ्तार सटोरियों के नाम

1. दीपक पिता शिववरण सिंह ठाकुर, उम्र 43 वर्ष, निवासी महाराजबाग, भैरोगंज, सिवनी
2. सुखराम पिता अदान इनवाती, उम्र 70 वर्ष, निवासी हड्डी गोदाम, सिवनी 3. शंकर पिता रतिराम बेन, उम्र 55 वर्ष, निवासी मंगलीपेठ, सिवनी 4. अनिल पिता नेमीचंद यादव, उम्र 38 वर्ष, निवासी बरघाट नाका, सिवनी 5. धनीराम पिता दुलीचंद नागोतिया, उम्र 50 वर्ष, निवासी भैरोगंज, सिवनी 6. ओम पिता ओमकार कोष्टा, उम्र 29 वर्ष, निवासी मंगलीपेठ, सिवनी
7. शादाब पिता अजीश खान, उम्र 29 वर्ष, निवासी दीवान मोहल्ला, शुक्रवारी, सिवनी
8. गजेन्द्र पिता दशरथ कोष्टी, उम्र 72 वर्ष, निवासी आजाद वार्ड, सिवनी
9. ज्योति नंदवार पिता ओमकार नंदवार, उम्र 52 वर्ष, निवासी मंगलीपेठ, सिवनी

जप्ती : सट्टा से 5200/- रुपये नकद, सट्टा पर्ची एवं 55 लीटर अवैध शराब।

श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महापर्व को लेकर ग्रामीण अंचलों में घर-घर पहुंच रही जिला यादव महासभा

हरिभूमि न्यूज सिवनी। जिला यादव महासभा सिवनी द्वारा आगामी श्रीकृष्ण जन्माष्टमी महापर्व को भव्य रूप से मनाने की तैयारियों के साथ जिले के ग्रामीण एवं दूरस्थ अंचलों में पहुंचकर समाज के प्रत्येक परिवार को व्यक्तिगत रूप से आमंत्रित करने का अभियान लगातार जारी है। इसी क्रम में आज जिला यादव महासभा के अध्यक्ष अरुण कुमार यादव एवं पूर्व उपाध्यक्ष उमेश यादव पूर्व जिला कार्यकारी अध्यक्ष किशोर यादव पूर्व उपाध्यक्ष संजय यादव द्वारा जिले के दूरस्थ अंचलों बेरीनाला, खमरिया, नांदिया, इमलिया, चमारी, धूमा, सिरमंगनी, गणेशगंज एवं बंडोल सहित विभिन्न क्षेत्रों का दौरा किया गया। समाज के सदस्यों एवं परिवारों से आत्मीय मुलाकात कर उन्हें जन्माष्टमी महोत्सव का आमंत्रण पत्र प्रदान करते हुए सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया गया। इस अवसर पर बेरीनाला में शुभम यादव, अभिषेक यादव, नितेश यादव एवं राधेश्याम यादव सहित समाज के अन्य सदस्यों से मुलाकात कर उन्हें जन्माष्टमी महापर्व का आमंत्रण दिया गया तथा अधिक से अधिक संख्या में सपरिवार कार्यक्रम में शामिल होने का आग्रह किया गया। यादव एवं राकेश यादव, वहीं इमलिया, नांदिया एवं चमारी क्षेत्र में सुरेश यादव,उदय नारायण यादव एवं बाबा यादव दुधन यादव सहित अनेक सामाजिक बंधुओं से मुलाकात हुई।

धूमा में ताराचंद्र यादव, कंचन लाल यादव, विनोद यादव, हरिशंकर यादव, प्रमोद यादव, पुन्नू लाल यादव, रामलाल यादव, रितिक यादव, शंभू लाल

जिला अध्यक्ष अरुण कुमार यादव ने कहा कि महासभा का प्रयास है कि जन्माष्टमी महोत्सव का आमंत्रण जिले के हर गांव और हर सामाजिक परिवार तक व्यक्तिगत रूप से पहुंचे। ग्रामीण और शहरी समाज की संयुक्त सहभागिता से भगवान श्रीकृष्ण जन्मोत्सव को भव्य स्वरूप देने के साथ सामाजिक एकता और संगठन को और अधिक मजबूत किया जाएगा।

मर्री टोल नाके के विरोध में 3 अगस्त को बड़ा प्रदर्शन

अधूरा हाईवे, फिर भी भारी टोल वसूली!

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट-गोंदिया हाईवे पर मर्री टोल नाके पर वाहनों से ज्यादा टोल वसूली का विरोध हो रहा है। बालाघाट से सिर्फ 12 किलोमीटर दूर बने इस टोल नाके पर वसूली को लेकर शुरुआत से ही नाराजगी है। अब ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन ने 3 अगस्त को टोल फ्री करने की मांग को लेकर प्रदर्शन का ऐलान किया है।

ट्रांसपोर्ट, बस, वैनगंगा यूनियन, हार्डवेयर, सब्जी और मालवाहक वाहन यूनियनों ने मंगलवार को एक बैठक की। इसमें टोल फ्री करवाने की मांग को लेकर प्रदर्शन करने का फैसला लिया गया। ट्रांसपोर्ट एसोसिएशन के जिलाध्यक्ष पूरनसिंह भाटिया ने बताया कि टोल नाके पर वाहनों को आने-जाने में करीब हजार रुपए का टोल लग रहा है। इससे उन पर आर्थिक बोझ बढ़ रहा है और व्यापार करना मुश्किल हो गया है।

वैनगंगा यूनियन के अध्यक्ष विशाल बिसेन ने बताया कि बालाघाट के वाहनों को टोल फ्री करवाने के लिए कलेक्टर और सांसद से मुलाकात की गई थी। आश्वासन मिलने के बाद भी टोल लिया जा रहा है। इसी के विरोध में 3 अगस्त को मर्री टोल पर प्रदर्शन कर टोल फ्री करने की मांग की जाएगी।

बता दें कि बालाघाट-गोंदिया हाईवे का काम अभी भी पूरा नहीं हुआ है। गोंदिया तक यह पूरा रास्ता बनना है। बालाघाट जिले में जो सड़क बनी है, वह भी ठीक नहीं है। जगह-जगह हाईवे की सड़क उखड़ गई है, जिस पर पैचवर्क किया जा रहा है।

मर्री टोल नाके से दोपहिया वाहनों के निकलने के लिए एक छोटा रास्ता है, जिससे वाहन मुश्किल से निकल पाते हैं। इस समस्या पर न तो जिले के जनप्रतिनिधि ध्यान दे रहे हैं और न ही प्रशासन।

बच्चों की मौत पर भड़का आदिवासी समाज!

3 सितंबर को बालाघाट बंद, हजारों के जुटने का दावा

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

बालाघाट के बैहर और परसवाड़ा क्षेत्र के आदिवासी गांवों में बच्चों की मौत के मामले में कोई कार्रवाई नहीं होने से आदिवासी समाज नाराज है। इसी नाराजगी के चलते 3 सितंबर को बालाघाट बंद का ऐलान किया गया है।

आदिवासी समाज के प्रतिनिधियों ने मंगलवार शाम 6 बजे हड़ताल स्थल पर प्रेस से बात करते हुए यह जानकारी दी। उन्होंने बताया कि बंद के दौरान इमरजेंसी सेवाओं को छूट दी जाएगी, लेकिन व्यापारिक प्रतिष्ठान, परिवहन, बाजार और अन्य सेवाएं बंद रहेंगी।

आदिवासी समाज का आरोप है कि दो दर्जन से ज्यादा आदिवासी बच्चों की मौत के बावजूद, प्रदेश सरकार ने जिम्मेदार स्वास्थ्य, पीएचई और महिला एवं बाल विकास विभाग के अधिकारियों पर कोई कार्रवाई नहीं की है। समाज का कहना है कि सरकार ने जो मुआवजा दिया है, वह भी बहुत कम है। उनकी मांग है कि सरकार मुआवजा राशि बढ़ाए और जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई करे।

आदिवासी विकास परिषद के जिलाध्यक्ष दिनेश धुर्वे ने बताया कि यह बंद आंदोलन आदिवासी बच्चों की मौत पर न्याय की मांग को लेकर किया जा रहा है। उन्होंने जानकारी दी कि इस आंदोलन में बालाघाट के आदिवासी और गैर-आदिवासी समाज के अलावा, मंडला, डिंडौरी, सिवनी, बैतूल और अन्य आदिवासी क्षेत्रों से भी लोग बालाघाट पहुंचेंगे। यहां सभी आदिवासी बच्चों को न्याय दिलाने की मांग करेंगे।

ललित उईके, जो 21 अगस्त से लगातार आदिवासी बच्चों को न्याय, जिम्मेदार अधिकारियों पर कार्रवाई और मृतक परिवारों को आर्थिक मदद की मांग को लेकर आंदोलन कर रहे हैं, उन्होंने बताया कि बंद आंदोलन की शुरुआत हड़ताल स्थल से होगी। इस बंद आंदोलन में शामिल सभी आदिवासी और गैर-आदिवासी समाज के लोग रैली के रूप में शहर के मुख्य मार्गों से होते हुए कलेक्ट्रेट पहुंचेंगे। वहां वे अपनी मांगों को लेकर ज्ञापन सौंपेंगे।

पीएम श्री शासकीय हाई स्कूल डाईट में हुआ उड़ान का विमोचन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

लगातार द्वितीय सोपान में उत्तरोत्तर प्रगति करते हुए पी एम श्री शासकीय हाई स्कूल डाईट से प्रकाशित वार्षिक शालेय पत्रिका उड़ान मंज़िल की ओर 2025-26 अंक का विमोचन विकाश खंड शिक्षा अधिकारी श्रीमती मोनिका पटैल मैडम के मुख्य आतिथ्य में सम्पन्न हुआ विद्यालय की प्राचार्य श्रीमती गीता बंसपाल के मार्गदर्शन एवं प्रधान संपादक श्रीमती सुनीता कटरे, संतोष चौधरी द्वारा शालेय पत्रिका को सुंदरतम कलेवर में प्रस्तुत किया गया है इसमें विद्यालय में संचालित वार्षिक गतिविधियां, बाहरी आवरण पृष्ठ पर खेलो इंडिया थीम आधारित 2025 विश्वकप के सरताज अंतर्गत महिला चैंपियन ट्रॉफी, आईं सी सी चैंपियन टॉफी, एफ आईं एच हॉकी महिला नेशनल कप एवं पुरुष हॉकी एशिया कप की स्मृतियों को प्रमुखता से स्थान दिया गया है। आंतरिक प्रथम पृष्ठ पर राष्ट्गीत वंदे मातरम् के 150 वी वर्षगांठ पूर्ण होने पर विद्यालय की पूर्व छात्रा शेफाली जुम्हारे द्वारा मैथिली चित्रकला में एक्रेलिक रंगों का इस्तेमाल करते हुए वंदे मातरम् गीत को प्रस्तुत किया है।इस कार्य के लिए इन्हें वर्ष 2020 में हावर्ड वर्ल्ड रिकॉर्ड सर्टिफिकेट एवं इंडिया बुक आफ रिकॉर्ड में स्थान प्राप्त हो चुका हैं । विद्यालय में अध्ययनरत पूर्व छात्र1975 -76 से लेकर वर्तमान समय तक के मौलिक विचारों , लेखो को स्थान दिया गया है ताकि वर्तमान भूत से अनुभव प्राप्त करें।

बालाघाट जिले में बोली जाने वाली बोलियों के लुप्त होते परंपरागत लोक गीत को समाहित किया गया है। अंग्रेजी , संस्कृत,हिंदी, मराठी, भाषाओं में आर्टिकल्स भी समाहित किए गए हैं। कार्यक्रम में विकाश खंड शिक्षा अधिकारी महोदया ने शालेय पत्रिका की प्रशंसा करते हुए समस्त विद्यालय परिवार को शुभकामनाएं दी प्रेषित किया।

मंगल डेयरी के बिना लाइसेंस संचालित वर्कशॉप को कराया बंद, केक हब को नोटिस

दूध में मिलावट की जांच के लिए खाद्य विभाग ने रैपिड किट से की जांच

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

खाद्य सुरक्षा प्रशासन भोपाल के निर्देशों के बाद बालाघाट में खाद्य सुरक्षा प्रशासन द्वारा दूध में मिलावट की प्रारंभिक जांच के लिए रैपिड टेस्टिंग किट का उपयोग शुरू किया गया है। इस किट के माध्यम से दूध में सुक्रोज, ग्लूकोस, स्टार्च, साल्ट, माल्टोडेक्सट्रिन सहित अन्य पदार्थों की मिलावट की प्रारंभिक जांच आसानी से की जा सकती है।

इसी क्रम में खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने सांची मिल्क प्लांट, अरिहंत दूध डेयरी, दमाहे दूध डेयरी एवं गुड़िया दूध डेयरी का निरीक्षण किया। इस दौरान दूध के नमूनों की रैपिड किट के माध्यम से प्रारंभिक जांच की गई। जांच में दूध में उपरोक्त पदार्थों की मिलावट नहीं पाई गई। विभाग द्वारा आमजन को मिलावट के प्रति जागरूक एवं सचेत करने के उद्देश्य से भी रैपिड किट के माध्यम से जांच की जा रही है।

मंगल डेयरी की वर्कशॉप में मिली अनियमितता

दुर्गा चौक बालाघाट स्थित मंगल डेयरी की जांच के दौरान पाया गया कि रिटेल लाइसेंस के तहत संचालित प्रतिष्ठान के समीप स्थित वर्कशॉप में दूध एवं दुग्ध पदार्थों का निर्माण किया जा रहा था। खाद्य सुरक्षा विभाग की टीम ने यहां छापामार कार्रवाई करते हुए दूध, दही, खोवा एवं पनीर के नमूने जांच के लिए लिए। वर्कशॉप का खाद्य लाइसेंस नहीं होने पर उसका खाद्य कारोबार तत्काल बंद कराया गया तथा बिना लाइसेंस खाद्य कारोबार संचालित करने का प्रकरण दर्ज किया गया।

केक हब में अस्वच्छता मिलने पर नोटिस

सीएम हेल्पलाइन पर प्राप्त शिकायत की जांच के दौरान खाद्य सुरक्षा विभाग ने केक हब का निरीक्षण किया। निर्माण स्थल की जांच में अस्वच्छता पाए जाने पर खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत धारा 32 का नोटिस जारी किया गया। इसके अलावा केक बेस एवं बटरस्कॉच क्रश के नमूने जांच के लिए लेकर राज्य खाद्य प्रयोगशाला भेजे गए हैं। प्रयोगशाला से रिपोर्ट प्राप्त होने के बाद खाद्य सुरक्षा एवं मानक अधिनियम के तहत न्यायालयीन दंडात्मक

कार्रवाई की जाएगी।खाद्य सुरक्षा प्रशासन ने कहा है कि जिले में खाद्य पदार्थों की गुणवत्ता सुनिश्चित करने और मिलावट पर प्रभावी अंकुश लगाने के लिए जांच एवं कार्रवाई लगातार जारी रहेगी।

बालाघाट में 2 सितंबर को 5 घंटे बिजली बंद

बालाघाट। बालाघाट में बिजली कंपनी ने 2 सितंबर को शहर के कई इलाकों में बिजली कटौती की सूचना दी है। मोतीनगर और निर्मल नगर फीडर से जुड़े क्षेत्रों में सुबह 10 बजे से दोपहर 3 बजे तक, यानी 5 घंटे बिजली बंद रहेगी। शहर बिजली कंपनी कार्यालय से मिली जानकारी के अनुसार, मोतीनगर उपकेंद्र में खराब हुए पावर ट्रांसफार्मर को बदला जाएगा। इसी काम के चलते इन इलाकों में बिजली सप्लाई पर असर पड़ेगा।

6 सितम्बर को लामता बंद को विधायक मधु भगत का पूर्ण समर्थन, स्टॉपेज के लिए महाप्रबंधक को लिखा पत्र

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

लामता रेलवे स्टेशन पर एक्सप्रेस ट्रेनों के ठहराव सहित क्षेत्र की विभिन्न रेल सुविधाओं की मांग को लेकर लामता क्षेत्रवासियों द्वारा 6 सितम्बर 2026 को लामता बंद का आह्वान किया गया है। इस आंदोलन को परसवाड़ा विधानसभा क्षेत्र के विधायक मधु भगत ने पूर्ण समर्थन दिया है। विधायक ने दक्षिण पूर्व मध्य रेलवे, बिलासपुर के महाप्रबंधक को पत्र लिखकर लामता रेलवे स्टेशन पर गुजरने वाली सभी एक्सप्रेस ट्रेनों का कम से कम दो मिनट का ठहराव (स्टॉपेज) सुनिश्चित करने की मांग की है।

विधायक मधु भगत ने अपने पत्र में उल्लेख किया है कि लगभग छह माह से उनके विधानसभा क्षेत्र के लामता रेलवे स्टेशन के आसपास के करीब 40 गांवों के ग्रामीण इस मांग को लेकर आंदोलनरत हैं। क्षेत्रवासियों का कहना है कि लामता रेलवे स्टेशन से रेलवे को करोड़ों रुपये का राजस्व प्राप्त होता है, बावजूद इसके यहां प्रमुख एक्सप्रेस ट्रेनों का पर्याप्त ठहराव नहीं है।

पत्र में कहा गया है कि 6 सितम्बर को लामता बंद का आह्वान किया गया है और आंदोलन के माध्यम से क्षेत्र की जनता अपनी लंबे समय से लंबित मांग को रेलवे प्रशासन के समक्ष रखने जा रही है। विधायक ने स्पष्ट किया कि यदि समय रहते रेलवे प्रशासन द्वारा इस मांग पर सकारात्मक निर्णय नहीं लिया गया तो आंदोलन की पूरी जिम्मेदारी

रेलवे प्रशासन की होगी।

मधु भगत ने पत्र में यह भी उल्लेख किया कि पूर्व में रेलवे विभाग द्वारा पंचवेली एक्सप्रेस को नागपुर से भोपाल के बजाय विस्तारित कर बालाघाट और गोंदिया तक चलाने संबंधी पत्र जारी किया गया था, लेकिन इस दिशा में अब तक अपेक्षित अमल नहीं हुआ है। इससे क्षेत्रवासियों में असंतोष बढ़ रहा है।

विधायक ने मांग की है कि पंचवेली एक्सप्रेस को शीघ्र गोंदिया-बालाघाट से प्रारंभ किया जाए तथा लामता रेलवे स्टेशन पर इसका भी कम से कम दो मिनट का ठहराव सुनिश्चित किया जाए।

उन्होंने अपने पत्र की प्रतिलिपि डीआरएम बिलासपुर, डीआरएम नागपुर सहित स्थानीय समाचार माध्यमों को भी भेजी है। विधायक के समर्थन के बाद 6 सितम्बर के लामता बंद को लेकर क्षेत्र में आंदोलन को और मजबूती मिलने की संभावना है। लामता सहित आसपास के ग्रामीण अब रेलवे प्रशासन के निर्णय की ओर उम्मीद भरी नजरों से देख रहे हैं।

राजा शंकर शाह, रघुनाथ शाह के बलिदान दिवस पर 19 को आदिवासी मेला, कार्यक्रम में रामजी गौतम होंगे मुख्य अतिथि

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

अमर शहीद राजा शंकर शाह , कुंवर रघुनाथ शाह जी के 196 वे बलिदान दिवस के अवसर पर बहुजन समाज पार्टी के तत्वाधान में 19 सितंबर 2026 को विशाल आदिवासी मेले का आयोजन किया जाएगा। कार्यक्रम नगर के कमला नेहरू प्रांगण में आयोजित होगा आयोजन को लेकर पार्टी पदाधिकारियो और कार्यकर्ताओं ने तैयारियां शुरू कर दी है । कार्यक्रम के मुख्य अतिथि इंजीनियर रामजी गौतम राज्यसभा सांसद, केंद्रीय को ऑर्डिनेटर एवं बसपा मध्य प्रदेश के मुख्य प्रभारी होंगे । विशिष्ट अतिथि में मोहित आनंद केंद्रीय प्रदेश प्रभारी बसपा, जियालाल अहिरवार प्रदेश अध्यक्ष बसपा ,एडवोकेट कमलेश कुमार प्रदेश प्रभारी, पूर्णेन्द्र अहिरवार प्रदेश प्रभारी मध्य प्रदेश, उमाकांत बंदेवार जोन प्रभारी भोपाल ,ज्ञानेश्वर गजभिए जोन प्रभारी भोपाल ,सचिन बौद्ध जोन प्रभारी भोपाल उपस्थित रहेंगे । आयोजकों के अनुसार कार्यक्रम में राजा शंकर शाह और कुंवर रघुनाथ शाह के देश और समाज के लिए बलिदान को याद किया जाएगा । साथ ही उनके योगदान और विचारों से नई पीढ़ी को अवगत कराने का प्रयास किया जाएगा । उक्ताशय की जानकारी एडवोकेट राज्यपाल उके जिला महासचिव बसपा बालाघाट द्वारा दी गई एवं कार्यक्रम में अधिक से अधिक लोगों को पहुंचने की अपील भी की गई ।

किरनापुर में मनाया गया प्रवेश उत्सव कार्यक्रम

हरिभूमि न्यूज किरनापुर। मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद किरनापुर द्वारा मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत संचालित समाज कार्य स्नातक एवं परा स्नातक के छात्रों का प्रवेश उत्सव कार्यक्रम ब्लॉक समन्वयक श्रीमती रुचिका वैश के मार्गदर्शन मे शासकीय महाविद्यालय किरनापुर में आयोजित किया गया

कार्यक्रम का उद्देश्य नवीन प्रवेशी छात्रों को मध्यप्रदेश जन अभियान परिषद के कार्यों ,उद्देश्यों एवं परिषद द्वारा संचालित गतिविधियों से परिचित कराना मुख्यमंत्री सामुदायिक नेतृत्व क्षमता विकास कार्यक्रम अंतर्गत संचालित बीएसडब्ल्यू एवं एमएसडब्ल्यू पाठ्यक्रम की अनिवार्यता एवं जीवन में इसके महत्व तथा उद्देश्यों से अवगत करना साथ ही इस पाठ्यक्रम के माध्यम से कैसे छात्र पढ़ाई के साथ-साथ शासन प्रशासन एवं समाज के साथ जुड़कर शासन की विभिन्न योजनाओं से समाज के अंतिम छोर के व्यक्तियों को लाभान्वित कर सकते हैं उनमें शासन की योजनाओं के प्रति जागरूकता ला सकते हैं शिक्षा के महत्व के बारे में समाज में प्रचार प्रसार करना पर्यावरण संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता लाना, जैविक कृषि एवं उन्नत कृषि के प्रति किसानों को अवगत कराना, गर्मियों में बढ़ती हुई पेयजल संकट से निपटने के लिए जल संरक्षण के प्रति लोगों में जागरूकता लाना एवं जल को बचाने तथा संरक्षित करने के लिए गतिविधियां करना जैसे अनेक बिंदुओं से परिचित कराना कार्यक्रम का मुख्य उद्देश्य था!

कार्यक्रम का शुभारंभ माननीय राणा कल्याण सिंह जनपद अध्यक्ष जनपद पंचायत किरनापुर के आथित्य में हुआ इस दौरान सर्वप्रथम मां भारती के छाया चित्र पर माल्यार्पण एवं पूजन के साथ हुआ तत्पश्चात उपस्थित अतिथियों का स्वागत पौध भेंट कर की गई

उपस्थित अतिथियों द्वारा छात्रों को पढ़ाई के साथ-साथ व्यक्तित्व विकास समाज सेवा एवं राष्ट्र निर्माण के प्रति हमेशा सजग रहने एवं हर गतिविधियों में जो की समाज हित में हो योगदान देने हेतु प्रेरित किया गया! उपस्थित छात्रों को अतिथियों के हाथों से बुक वितरण किया गया साथ ही महाविद्यालय परिसर में सिंदूर एवं पारिजात के पौधे लगाए गए उपस्थित समस्त छात्रों को स्वैच्छिकता एवं नशा मुक्ति की शपथ दिलाई गई।

राहुल गांधी पर एफआईआर को बताया लोकतंत्र और संविधान का अपमान

खड़गे जी के कार्यक्रम स्थल के कथित 'शुद्धिकरण' के विरोध में जिला कांग्रेस का जोरदार प्रदर्शन

हरिभूमि न्यूज बालाघाट।

उत्तराखंड के हल्द्वानी में कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं वरिष्ठ दलित नेता श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी के कार्यक्रम के बाद कार्यक्रम स्थल पर कथित रूप से गंगाजल का छिड़काव कर 'शुद्धिकरण' किए जाने और धार्मिक अनुष्ठान किए जाने के मामले को लेकर कांग्रेस ने भाजपा एवं आरएसएस की कथित जातिवादी मानसिकता के खिलाफ मोर्चा खोल दिया है। इसी मुद्दे पर लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष श्री राहुल गांधी जी द्वारा आवाज उठाए जाने के बाद उनके खिलाफ FIR दर्ज किए जाने के विरोध में मंगलवार को बालाघाट के हनुमान चौक में शहर कांग्रेस कमेटी द्वारा धरना-प्रदर्शन किया गया।

धरना प्रदर्शन को संबोधित करते हुए श्याम पंजवानी ने कहा कि देश के संविधान ने हर नागरिक को समानता, सम्मान और गरिमा के साथ जीने का अधिकार दिया है। ऐसे में देश की सबसे पुरानी राजनीतिक पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी के कार्यक्रम के बाद कार्यक्रम स्थल का कथित 'शुद्धिकरण' किया जाना बेहद दुर्भाग्यपूर्ण है और सामाजिक समानता की भावना पर गंभीर

सवाल खड़े करता है। उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जी ने अपनी प्रेस कॉन्फ्रेंस में इसी घटना को लेकर जिम्मेदार लोगों के खिलाफ FIR दर्ज करने की मांग की थी, लेकिन कार्रवाई उन लोगों पर करने के बजाय राहुल गांधी जी के खिलाफ ही FIR दर्ज कर दी गई। यह 'उल्टा चोर कोतवाल को डांटे' वाली कहावत को चरितार्थ करने जैसा है। राहुल गांधी जी ने सामाजिक भेदभाव के खिलाफ आवाज उठाई है और संविधान में निहित समानता एवं सामाजिक न्याय की बात की है।

कांग्रेस नेताओं ने कहा कि कांग्रेस पार्टी किसी भी प्रकार के जातिगत भेदभाव और छुआछूत की मानसिकता को स्वीकार नहीं करेगी। अगर किसी दलित नेता के कार्यक्रम के बाद किसी स्थान को कथित रूप से 'अपवित्र' मानकर उसका शुद्धिकरण किया जाता है, तो यह केवल श्री मल्लिकार्जुन खड़गे जी का अपमान नहीं, बल्कि देश के करोड़ों दलित, आदिवासी और वंचित समाज के सम्मान का सवाल है।

उन्होंने कहा कि राहुल गांधी जी के खिलाफ FIR दर्ज कर भाजपा सरकार कांग्रेस की आवाज को दबाना चाहती है, लेकिन कांग्रेस डरने वाली नहीं है। संविधान, लोकतंत्र और सामाजिक न्याय की लड़ाई सड़क से लेकर संसद तक पूरी ताकत से लड़ी जाएगी। धरना प्रदर्शन में कांग्रेस नेताओं एवं कार्यकर्ताओं ने राहुल गांधी जी के खिलाफ दर्ज FIR वापस लेने तथा हल्द्वानी में कथित 'शुद्धिकरण' करने वाले लोगों के खिलाफ निष्पक्ष जांच कर कानूनी कार्रवाई करने की मांग की। इस अवसर पर श्याम पंजवानी, कैलाश साहू, राजेश ठाकुर, अनिल बनोटे, शमीम सिद्दीकी, अल्लाह रखा, छविराम पंचेश्वर, निर्मल कल्लू सोनी, डॉ. अमर बिसेन, निखिल गौतम, गुलाबचंद नागपुरे, केवल सिंह झरिया, राम सिंह भाटिया, अफरोज खान, राजू यादव, शब्बीर पटेल, प्रकाश पप्पू मदनकर, शानू राय, धर्मेंद्र बोपचे, जुबेदा अंसारी, श्रीमती उषा मिश्रा, विनोद वंशकार, डॉ. मुकेश वरकडे, डॉ. दुर्गा वरकडे, सुमन केवलानी, सीमा सिंह, मधु चौक, तेजलाल सुलाखे, संतोष बाहेश्वर, फिरोज कुरैशी, राजू बॉस सहित अनेक कांग्रेस नेता एवं कार्यकर्ता उपस्थित रहे।